■ डाक रजि.संख्या- VSI(W)-52/2013-14 ■ आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2013/53226

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

अखबार नहीं आंदोलन है

# भारत एकता टाइम्स

वाराणसी, मंगलवार, 25 अगस्त 2026
वर्ष-14, अंक-61 पृष्ठ -8 व मूल्य: रु. 1.00
व वितरण व्यय : रु. 1.00

वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, लखनऊ, पटना, नयी दिल्ली, मुम्बई से प्रसारित




4 कार्यशाला स्थापना पर 50 हजार तक प्रोत्साहन

www.betsamachar.com

सेमीफाइनल में पहुंचने से चूकी भारतीय महिला हॉकी टीम 5

### जंतर मंतर प्रोटेस्ट की जांच के लिए गठित हाई पावर कमेटी को सुप्रीम निर्देश

# यौन उत्पीड़न की जांच प्राथमिकता

**सुनवाई**

**✡ एडवोकेट ने की थी सेक्शुअल असॉल्ट की जांच अलग से करने की मांग**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा है कि जमंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर बनाई गई उच्चस्तरीय जांच कमेटी से कहा गया है कि महिला प्रदर्शनकारियों के यौन उत्पीड़न को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि सेक्शुअल असॉल्ट को लेकर कमेटी जल्द ही अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंप देगी। एडवोकेट शोभा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाली महिला प्रदर्शनकारियों के यौन उत्पीड़न पर कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलओं के साथ पुलिसवालों ने छेड़छाड़ की। लड़कियों का कहना है कि उनके साथ गलत हरकतें की गईं। सोशल मीडिया पर भी छात्राओं ने ऐसी बातें बताई हैं।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि इसी बात को लेकर एक अलग से रिट पिटिशन फाइल की गई थी। वहीं हाई पावर्ड जांच कमेटी को इस मामले की भी जांच करने को कहा गया है। हालांकि एडवोकेट ने कहा कि सेक्शुअल असॉल्ट की जांच अलग से होनी चाहिए। इसके लिए किसी जिला जज की नियुक्ति होनी चाहिए जिनेका पास पीड़िताएं सीधे शिकायत दर्ज करवा सकें। वहीं सीजेआई ने कहा कि इस मुद्दे का बार-बार जिक्र किया गया है और कमेटी से ऐसे ममलों को प्राथमिकता देने को कहा गया है।

### कमेटी के चेयरपर्सन को नोडल ऑफिसर नियुक्त करने की भी छूट



#### हाईपावर कमेटी में ये अफसरान शामिल

जस्टिस रेड्डी की अध्यक्षता वाली समिति में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा, दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश शालिंदर कौर, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के पूर्व पुलिस महानिदेशक एल.आर. बिश्नोई सदस्य के तौर पर शामिल हैं।

#### मुद्दों से जुड़ी संवेदनशीलता का भी ध्यान रखें

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के 'संसद चलो' आह्वान पर छात्र और उनके समर्थक जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए थे। न्यायालय ने समिति से कहा कि वह कुछ मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान दे, जिनमें सबसे अहम मुद्दा लक्षित हिंसा, उत्पीड़न और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ छेड़छाड़ की कथित घटनाओं से जुड़ा है, और इन मुद्दों से जुड़ी संवेदनशीलता का भी ध्यान रखे।

सीजेआई ने कहा कि कमेटी के चेयरपर्सन को नोडल ऑफिसर नियुक्त करने की भी छूट दी गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर)

## चीनी के बाद अब प्याज में उछाल

**महंगाई की मार**

**✡ चंद दिनों के अंदर खुदरा मार्केट में कीमतों में लगभग 100 फीसदी इजाफा**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

एक ओर जहां त्योहारी सीजन से पहले चीनी लगातार महंगी हो रही है और इसे लेकर राजनीतिक घमासान भी देखने को मिल रहा है। तो वहीं दूसरी ओर प्याज भी चीनी की चाल चलती नजर आ रही है और लोगों के आंसू निकाल रही है। जी हां, प्याज की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी हुई है। रिटेल मार्केट में एक किलो प्याज की कीमत 60-65 रुपये तक पहुंच गई है, जो 30-35 रुपये प्रति किलोग्राम पर मिल रही थी।

आलू, प्याज, टमाटर ऐसी सब्जी हैं, जो आमतौर पर रोजाना रसोई में इस्तेमाल होती हैं और इनकी कीमतों में बढ़ोतरी रसोई का बजट गड़बड़ाने की वजह बनती हैं। ऐसा ही कुछ इस समय देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट्स की मानें, तो दिल्ली-एनसीआर, नासिक से लेकर चेन्नई तक कीमतों में उछाल का झटका लगा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के मुताबिक, प्याज का औसत रिटेल प्राइस करीब 42 रुपये प्रति किलो रहा, जो महीनेभर पहले की तुलना में करीब 19-20 फीसदी अधिक है। दिल्ली-एनसीआर के सब्जी मार्केट्स में प्याज 60-65 रुपये प्रति किलो तक मिल रही है। नासिक में एक महीने में ही प्याज की कीमत में करीब 70 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है। प्याज की (शेष पृष्ठ 6 पर)

**त्योहारी मौसम में रोजमर्रा के सामानों के दाम में आग से बिगड़ा मिडिल क्लास का बजट**

#### चीनी ने कम कर दी त्योहारी मिठास

प्याज की कीमतों में ये ताबड़तोड़ तेजी ऐसे समय में देखने को मिल रही है, जबकि पहले से ही चीनी की कीमतों ने त्योहारी मिठास को कम करने का काम किया है। बता दें देश में रॅ४१ ढ्वृी ल्ं हुआ है और कुछ ही दिनों में ये चीनी रिटेल मार्केट कीमत 65 रुपये प्रति किलो या इससे ज्यादा हो गई है। महीनेभर में भाव में 15 फीसदी के आसपास उछाल आया है।




#### चीनी-प्याज के बाद अब दालें भी महंगी

देशभर में जिस तेजी के साथ खाने-पीने के चीजों की कीमतें बढ़ रही हैं, उसने आम आदमी की परेशानी बढ़ा दी है। चीन से लेकर प्याज और खाने पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले तेल के साथ-साथ अब दालें भी महंगी होने लगी हैं। त्योहारी सीजन में खाने-पीने की चीजों की महंगाई को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। रविवार को थोक मंडियों में साबुत उड़द की कीमतों में महज एक ही दिन में 15 l29% का बड़ा उछाल आया है। खुदरा बाजारों में खुली उड़द दाल (साबुत/धुली) की कीमत आज 120-150 रुपये प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई है। थोक मंडियों में अरहर दाल की कीमत भी 19 l51% बढ़ी है। किराना स्टोर्स और सुपरमार्केट्स में खुली अरहर दाल (शेष पृष्ठ 6 पर)

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा सीआरपी जवान को लगी गोली

**अशांति की आग**

**✡ उग्र भीड़ ने फूंक दिए कई घर, बंदिशों से सड़क यातायात प्रभावित**

**इंफाल/ जीएनएस न्यूज**

मणिपुर के सेनापति और उससे सटे कांगपोकपी जिले के सीमावर्ती इलाकों में एक बार फिर हिंसा और गोलीबारी की गंभीर घटना सामने आई है। इस दौरान कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया और तोड़फोड़ की गई। उपद्रवियों की ओर से हुई गोलीबारी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान घायल हो गया है। तनाव को देखते हुए नगा जनजातीय संगठनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 2, इंफाल-दिमापुर) को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया है, जिससे मणिपुर और नागालैंड के बीच सड़क संपर्क प्रभावित हुआ है। ताफू कुकी इलाके में तड़के एक घर को आग लगा दी गई। दमकल की गाड़ियां तड़के 3:30 बजे मौके पर पहुंचीं, लेकिन स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार कुछ लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को काम करने से रोकने की कोशिश की। सुबह 4 बजे के बाद 9टफ और मरैमई के आसपास के इलाकों में नगा समुदाय के लोगों के घरों को निशाना बनाने की खबर आई। पोमई नगा समुदाय के लाई गांव और फूबा गांव के निवासियों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। सुबह करीब 9:20 बजे जब मीडिया कर्मी जले और क्षतिग्रस्त हुए मकानों की कवरेज कर रहे थे, तभी इलाके में अचानक तेज गोलीबारी शुरू हो गई।

## चोर दरवाजे से आरक्षण खत्म करने की योजना

**आरोप**

**✡ मल्लिकार्जुन खड़गे ने खाली पदों का हवाला देकर साधा निशाना**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकारी नौकरियों में खाली पदों और बढ़ते ठेकेदारी रोजगार को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संविधान में बदलाव किए बिना ही आरक्षण के अवसरों को खत्म करने की दिशा में काम कर रही है। खड़गे ने कहा कि सरकारी पद खाली रखना, सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों को कम करना और स्थायी रोजगार की जगह ठेका व्यवस्था बढ़ाना सामाजिक न्याय के खिलाफ है। खड़गे ने सोशल मीडिया साइट '' पर पोस्ट कर दावा किया कि 2015 में केंद्र सरकार में करीब 4.21 लाख पद खाली थे (शेष पृष्ठ 6 पर)



#### रोजगार के मुद्दे पर भी मोदी सरकार से पूछे सवाल

कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पोस्ट में युवाओं की शिक्षा और रोजगार की स्थिति को लेकर भी केंद्र सरकार से सवाल पूछे। उन्होंने नीति आयोग के अनुमान का हवाला देते हुए दावा किया कि 15 से 29 वर्ष की उम्र के 8.7 करोड़ युवा न तो शिक्षा ले रहे हैं, न रोजगार में हैं और न ही किसी ट्रेनिंग से जुड़े हैं। उन्होंने जुलाई 2026 के पीएलएफएस आंकड़ों का हवाला देते हुए युवा बेरोजगारी दर 15.6 फीसदी और युवा महिलाओं में यह दर 19.5 फीसदी होने का दावा किया। पूछा कि ग्रेजुएशन के (शेष पृष्ठ 6 पर)

## ममता फिलहाल राजनीति से सन्यास के मूड में नहीं

**मकसद**

**✡ बोलीं- भाजपा को हाशिए पर धकेलने तक नहीं रुकूंगी**

**कोलकाता/ जीएनएस न्यूज**

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राजनीति से संन्यास नहीं लेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को हाशिए पर पहुंचाने तक वह नहीं रुकेंगी। सिर्फ.चार महीनों में ही बंगाल के लोगों को भाजपा का असली चेहरा समझ आ गया। ममता ने फेसबुक लाइव में कहा कि जनगणना की प्रक्रिया राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू करने की कोशिश है, जिसे राजनीतिक दलों से सलाह किए बिना लागू किया गया है। ममता ने कहा कि जनगणना फॉर्म पर दस्तखत किए और निजी जानकारी देने से पहले लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए; ऐसा न करने पर उनकी निजी (शेष पृष्ठ 6 पर)

## रक्षाबंधन पर 3 दिन बसों में मुफ्त सफर करेंगी महिलाएं

**सौगात**

**✡ साथी पुरुष को भी छूट योगी बोले- प्राइवेट गाड़ी वाले मनमानी न करें**

**लखनऊ/ जीएनएस न्यूज**



रक्षाबंधन पर यूपी में महिलाओं को योगी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। महिलाएं 3 दिन रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। यह सुविधा 27 अगस्त की सुबह 6 बजे से 29 अगस्त की रात 12 बजे तक मिलेगी। महिला के जा रहे पुरुष को भी यह सुविधा मिलेगी। नगर विकास विभाग की 900 से अधिक बसों में भी यह सुविधा मिलेगी। सीएम योगी ने रविवार को रक्षाबंधन पर परिवहन और यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक में ये निर्देश दिए। रक्षाबंधन 28 अगस्त को है। त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं अपने मायके और घर जाएंगीं। इसे देखते हुए यूपी रोडवेज की बसों में महिलाओं और उनके एक सहयात्री के लिए मुफ्त यात्रा की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त बसों का भी संचालन किया जाएगा। सीएम ने सभी जिलों में 25 अगस्त तक बस, टैक्सी और ऑटो-टेम्पो यूनियनों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए हैं।

## मायावती का बनेगा मंदिर



**अलीगढ़ (जीएनएस न्यूज)।** बिहार में पीएम नरेंद्र मोदी के मंदिर बनाने के प्रस्ताव के बाद अब यूपी के अलीगढ़ में मायावती का मंदिर बनाए जाने की मांग की मामला सामने आया है। अलीगढ़ में मायावती का मंदिर बनाने को लेकर तैयारियां भी शुरू हो गईं। मंदिर बनाए जाने को लेकर बसपा सुप्रीमो को एक लेटर भेजा गया। लेटर का जवाब मिलने के बाद मंदिर निर्माण का काम शुरू करा दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भ्रष्टाचार विरोधी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित केशव देव गौतम ने 22 अगस्त को बसपा प्रमुख मायावती को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में उन्होंने मायावती से उनका मंदिर बनाए जाने की अनुमति मांगी है। (शेष पृष्ठ 6 पर)

## कुंभ पर खर्च का 0.1% भी दे देते तो तमाम स्कूल बंद नहीं होते

**नजरिया**

**✡ सुप्रीम कोर्ट के जज ने शिक्षा के बजट में कमी पर जतायी गंभीर चिंता**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

देश के सर्वोच्च न्यायालय के जज जस्टिस प्रसन्ना बी वराले ने हाल ही में भाजपा शासित महाराष्ट्र में शिक्षा पर घटते बजट पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने सरकारी मराठी माध्यम के स्कूलों के बंद होने और नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ या नासिक कुंभ मेले जैसे आयोजनों पर होने वाले भारी सरकारी खर्च के बीच अंतर को उजागर करते हुए इस बात की ओर इशारा किया कि नासिक कुंभ मेले पर हुए खर्च का अगर सिर्फ 0.01 फीसदी हिस्सा भी शिक्षा पर खर्च किया जाता तो राज्य के करीब 100 से 125 स्कूलों को बंद होने से बचाया जा सकता था। जस्टिस वराले महाराष्ट्र के धुले जिले के एक हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां वे कुछ साल तक छात्र रहे थे। यह कार्यक्रम 'स्मार्ट क्लास' के उद्घाटन के लिए आयोजित किया गया था। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस वराले ने अपने संबोधन में बताया कि कैसे अन्य पहलों (शेष पृष्ठ 6 पर)



#### शिक्षा बजट आवंटन में आई कमी

जस्टिस वराले ने पिछले कुछ सालों में सरकारी बजट में शिक्षा के लिए आवंटित हिस्से में आई कमी की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि बढ़ती छात्र संख्या की जरूरतों को पूरा करने के लिए बजट आवंटन बढ़ाने के बजाय, राज्यों ने इसमें कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा, "केंद्र स्तर पर, शिक्षा के लिए बजट आवंटन 8%, 12% और 11% के बीच हुआ करता था। जाहिर है, छात्रों (शेष पृष्ठ 6 पर)

#### क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा के महत्व पर भी जोर

जस्टिस प्रसन्ना बी वराले ने क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने स्थानीय नगरपालिका और जिला परिषद के मराठी माध्यम के स्कूलों में 10वीं कक्षा तक पढ़ाई करने के अपने निजी अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई करने से उनके करियर में कभी कोई रुकावट नहीं आई, बल्कि इससे उनका नजरिया और बेहतर हुआ। उन्होंने 13वीं सदी के संत-दार्शनिक संत ज्ञानेश्वर और 20वीं सदी के कवि सुरेश भट का ज़िक्र करते हुए कहा, मराठी भाषा में सीखने से मुझे दूसरों के प्रति एक व्यापक और खुले विचारों वाला नजरिया मिला। मेरी भाषा ने मुझे भाईचारे की सीख दी।



# राजस्व वसूली में लापरवाही पर डीएम सख्त, कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

## सिंचाई, वन और लोक निर्माण विभाग की खराब प्रगति पर जताई नाराजगी

**टीम बनाकर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश**

**भारत एकता टाइम्स/चंदौली**

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग का सख्त रुख देखने को मिला। राजस्व वसूली में खराब प्रदर्शन और कार्यों में शिथिलता मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि शासन के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को कारण बताओ नोटिस



जारी करने के निर्देश दिए। वहीं बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अधिकारी पीडीडीयू नगर का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सिंचाई, वन और लोक निर्माण विभाग की राजस्व वसूली की स्थिति खराब मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगली समीक्षा बैठक तक प्रगति में सुधार नहीं हुआ तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापार कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, खनन और विद्युत विभाग के अधिकारियों को चालू वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व वसूली में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना सभी विभागों की प्राथमिकता होनी चाहिए। विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें। प्रत्येक माह निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वसूली की नियमित समीक्षा की जाए और कलेक्ट्रेट व तहसील स्तर पर लगातार अनुश्रवण कर प्रगति में तेजी लाई जाए। डीएम ने उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को तहसीलों में लंबित राजस्व वादों और नामांतरण के मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों की सक्रियता से ही जिले की राजस्व वसूली और रैंकिंग में सुधार आएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, एसडीएम आकांक्षा सिंह समेत जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सुरक्षा: 21 प्रमुख स्थानों पर लगेंगे 67 सीसीटीवी कैमरे

**सीओ व कोतवाल ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन**

**भारत एकता टाइम्स/चकिया, चंदौली**

नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने नगर पंचायत से प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की पहल की है। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान व कोतवाल अर्जुन सिंह नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर नगर के 21 प्रमुख स्थानों पर 67 सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नगर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, प्रवेश मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगने से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। चोरी, लूट,



छिनैती सहित अन्य घटनाओं के बाद आरोपितों की पहचान और वाहनों की निगरानी में भी कैमरे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पर्यटन स्थल राजदरी-देवदरी की ओर जाने वाले मार्गों पर भी निगरानी मजबूत करने पर जोर दिया गया है।

चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने कहा, "नगरवासियों की सुरक्षा नगर पंचायत की प्राथमिकता है। पुलिस की ओर से मिले प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। जिन स्थानों को चिन्हित किया गया है, वहां आवश्यकतानुसार उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाने की दिशा में जल्द कार्रवाई की जाएगी। इससे नगर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों में भी सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा।" सीओ अजीत चौहान ने कहा, "नगर की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे बेहद जरूरी हैं। कैमरों की निगरानी से अपराध रोकने के साथ ही घटना होने पर पुलिस को आरोपितों तक पहुंचने में काफी मदद मिलेगी। नगर पंचायत के सहयोग से इस व्यवस्था को जल्द से जल्द प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा।" पुलिस के अनुसार सीसीटीवी कैमरों की स्थापना से बाजार, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों की निगरानी चौबीसों घंटे संभव हो सकेगी। इससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

## रक्षाबंधन से पहले खाद्य विभाग की छापेमारी

**मिठाइयों के नमूने जांच को भेजे**

**भारत एकता टाइम्स/चंदौली**

आगामी रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर शासन एवं जिलाधिकारी चंदौली के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को चकिया कस्बे में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की। टीम ने दुकानों पर तैयार की जा रही मिठाइयों के नमूने संकलित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय धीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा कमल निवास त्रिपाठी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम जिले के विभिन्न कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चला रही है। इसी क्रम में सोमवार को टीम ने उप जिलाधिकारी चकिया के सहयोग से कस्बे में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान तहसील चकिया के निकट स्थित माली स्वीट एवं बनारस स्वीट से गुलाब जामुन और बर्फी के नमूने संकलित किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार एवं रणधीर सिंह शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष विष्णु जायसवाल ने पहुंचकर अधिकारियों से वार्ता किया।

## नहर में डूबने से भाई-बहन की मौत

**बलुआ, चंदौली।** मथैला गांव में सोमवार को नहर में डूबने से चार वर्षीय बालिका और उसके 10 वर्षीय भाई की मौत हो गई। प्राथमिक विद्यालय से छुट्टी के बाद बच्चे नहर पुलिया के पास नीम के पेड़ की टहनी में कपड़े का झूला बनाकर झूल रहे थे। इसी दौरान गोविंद मौर्य की चार वर्षीय पुत्री झूले से असंतुलित होकर नहर में गिर गई। उसे बचाने के प्रयास में बड़ा भाई क्षितिज भी गहरे पानी में चला गया। दोनों की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकलवाया।

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप का फाइनल आज, पदक के लिए भिड़ेंगे मुक्केबाज

**भारत एकता टाइम्स/चकिया, चंदौली**

क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान डालिम्स सनबीम की मेजबानी में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन क्लस्टर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मुक्केबाजों का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। 21 से 25 अगस्त तक चल रही प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के करीब 600 बालक मुक्केबाज विभिन्न भार वर्गों में अपना दमखम दिखा रहे हैं। प्रतियोगिता के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के बाद अब शनिवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह है। शुक्रवार को दोपहर क्वार्टर फाइनल मुकाबले संपन्न हुए, जबकि शाम छह बजे से सेमीफाइनल मुकाबले शुरू होंगे। शनिवार की सुबह आठ बजे से फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे पुरस्कार वितरण



समारोह आयोजित होगा। प्रतियोगिता के स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को आगामी राष्ट्रीय सीबीएसई मुक्केबाजी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 8 से 11 अक्टूबर तक गुरुग्राम में प्रस्तावित है। वहां स्वर्ण पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को आगे खेलो इंडिया से जुड़ने का अवसर मिलेगा। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने पूरी ताकत झोंक दी। अंडर-17 वर्ग में ज्ञानरंजन, शिवम यादव, अनुज कुमार गुप्ता (सीवीडी, झारखंड), अभय सिंह (एलपीएसवी, झारखंड), आदित्य कुमार, मनीष कुमार, शिवनारायण और मनीष राणा भट्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में स्थान बनाया। अंडर-14 वर्ग में अर्नव सिंह (पीएसपी), आयुष कुमार महतो (बिहार) और अविनाश पाल (उत्तर प्रदेश) सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# ऑपरेशन दहन में 990 किलो गांजा नष्ट

**चार थानों से जुड़े 15 मुकदमों में बरामद गांजे का कराया गया विनष्टीकरण, वीडियोग्राफी भी हुई**

**भारत एकता टाइम्स/चंदौली**

पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के नेतृत्व में चार थानों से जुड़े 15 अभियोगों में बरामद 990.730 किलोग्राम अवैध गांजे का नियमानुसार विनष्टीकरण कराया गया। नष्ट किए गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 2.5 करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार न्यायालय से निर्गत आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन नवीन अरोरा और पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वैभव कृष्ण के निर्देशन में जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई थी। सोमवार को मुगलसराय इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्री गणेश प्लाईवुड उद्योग प्राइवेट लिमिटेड परिसर में मानक एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गांजे का



विनष्टीकरण कराया गया। विनष्टीकरण की कार्रवाई के दौरान जिला स्तरीय कमेटी के नामित सदस्य अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सतीश चंद्र शुक्ला, क्षेत्राधिकारी सकलडीहा कृष्ण मुरारी शर्मा, प्रभारी निरीक्षक डीसीआरबी राम कुमार यादव, संबंधित अभियोगों के विवेचक और थानों के हेड मोहर्रिर मौजूद रहे। सभी मालों का नियमानुसार मिलान और सत्यापन कराने के बाद सुरक्षित स्थान पर वीडियोग्राफी कराते हुए विनष्टीकरण की कार्रवाई पूरी की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ऑपरेशन दहन के तहत मादक पदार्थों के मामलों में न्यायालयीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद बरामद माल को निर्धारित मानकों के अनुरूप नष्ट कराया जा रहा है। सोमवार की कार्रवाई में चार थानों के कुल 15 अभियोगों से संबंधित 990.730 किलोग्राम गांजा नष्ट कराया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान की बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

## शराब के नशे में हंगामा करने पर पांच गिरफ्तार

**चकरघट्टा, नौगढ़।** बरवाडीह बाजार में शराब के नशे में उत्पात मचाने और सार्वजनिक मार्ग बाधित करने के आरोप में चकरघट्टा पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर गश्त के दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग नशे में मुख्य मार्ग पर गंदगी फैलाकर आवागमन बाधित कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से जितेंद्र गौड़, कमलेश राय, विनोद कुमार, ओमप्रकाश और अर्जुन बयार को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की। कार्रवाई थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

# ओबरा में उमड़ा आस्था का सैलाब, बाबा बर्फानी के दर्शन को पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**अमरनाथ गुफा की तर्ज पर बर्फ से तैयार की गई भव्य झांकी बनी आकर्षण का केंद्र**

**भारत एकता टाइम्स/ओबरा, सोनभद्र**

सावन माह के अंतिम सोमवार को ओबरा स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर में अमरनाथ गुफा की तर्ज पर बर्फ की सिल्लियों से तैयार की गई बाबा बर्फानी की भव्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। बाबा बर्फानी के दर्शन-पूजन के लिए ओबरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में लगकर बाबा बर्फानी का दर्शन किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का



शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी देवी एवं एसडीएम ओबरा रवि पासवान ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। श्रीराम चरित मानस मंदिर समिति एवं बाबा बर्फानी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झांकी में दर्जनों बर्फ की सिल्लियों से आकर्षक शिवलिंग, भगवान गणेश, माता पार्वती सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकृतियां तैयार की गई थीं। कृत्रिम गुफा से लेकर दर्शन स्थल तक फूल-पत्तियों और प्राकृतिक सजावट से ऐसा माहौल तैयार किया गया था कि श्रद्धालुओं को अमरनाथ गुफा जैसा आध्यात्मिक एहसास हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर तक जारी रहा। बाबा बर्फानी सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश पाण्डेय ने बताया कि पिछले 14 वर्षों से सावन के अंतिम सोमवार को बाबा बर्फानी की झांकी सजाई जा रही है। प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। इस बार भी आयोजन को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। समिति की ओर से कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं, भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए सीओ ओबरा प्रभात राय के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

## राशन लेने जा रही महिला की नहर में गिरकर मौत

**विद्युत पोल के सहारे नहर पार करते समय बिगड़ा संतुलन, हादसे के बाद परिवार में मचा कोहराम**

**भारत एकता टाइम्स/सोनभद्र**

चोपन थाना क्षेत्र के पटवध ग्राम पंचायत के नारायणडीह गांव में सोमवार दोपहर दर्दनाक हादसे में राशन लेने जा रही महिला की नहर में गिरने से मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। नारायणडीह निवासी चंदा देवी (45) पत्नी दीप नारायण चेरों सोमवार दोपहर करीब 12 बजे सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से राशन लेने के लिए घर से निकली थीं। बताया जा रहा है कि रास्ते में नहर पार करने के लिए वह वहां रखे विद्युत पोल के सहारे दूसरी ओर जाने का प्रयास कर रही थीं। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह पोल से फिसलकर नहर में जा गिरीं। महिला के नहर में गिरते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में महिला को नहर से बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद चंदा देवी को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार, नहर पार करने के लिए विद्युत पोल का सहारा लेना लंबे समय से लोगों के लिए जोखिम भरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि नहर के ऊपर सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरी में खतरनाक रास्ते का सहारा लेना पड़ता है।

# अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मंदिरों में जलाभिषेक कर शिवभक्तों ने की पूजा-अर्चना, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा क्षेत्र**

**भारत एकता टाइम्स/म्योरपुर,सोनभद्र**

सावन के अंतिम सोमवार को म्योरपुर विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में स्थित शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने अपने-अपने क्षेत्र के शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

आश्रम-मोड़-दुद्धी मार्ग पर स्थित वन डिपो शिव मंदिर में सत्यमेव जयते सेवा समिति के स्वयंसेवकों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने फूल, बेलपत्र, दूध आदि अर्पित कर पूजा-अर्चना की। समिति की ओर से मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई।



समिति के अध्यक्ष रामचंद्र दुबे एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक आर्य ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को लेकर समिति के सदस्यों ने पूर्व में बैठक कर पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण की रूपरेखा तैयार की थी। स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को संभालते हुए श्रद्धालुओं की सेवा की।स्वयंसेवक प्रशांत दुबे ने कहा कि भगवान शिव की आराधना से मन को शांति मिलती है और समाज में धार्मिक एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ओम अग्रहरि, रामचंद्र दुबे, दिनेश जायसवाल, सुजीत, मिथिलेश सिंह,

# महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर आयोग सख्त

**महिला कल्याण योजनाओं की किया समीक्षा, छात्राओं से संवाद कर सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक**

**भारत एकता टाइम्स/सोनभद्र**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चैधरी एवं सदस्य गीता विश्वकर्मा ने सोमवार को सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों का त्वरित, संवेदनशील और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आयोग की उपाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ित महिलाओं को समयबद्ध ढंग से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए और महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।



जनसुनवाई के बाद महिला कल्याण समेत विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला हेल्पलाइन-181 और चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए, ताकि पात्र महिलाओं और बालिकाओं को योजनाओं एवं सहायता सेवाओं का समय से लाभ मिल सके। बैठक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, ओडीओपी, आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश एवं सुविधाओं, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की भी समीक्षा हुई। अधिकारियों से पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

### छात्राओं से किया संवाद

आयोग की उपाध्यक्ष चारू चैधरी एवं सदस्य गीता विश्वकर्मा ने उरमौरा स्थित विंध्य कन्या पीजी कॉलेज का भ्रमण किया। यहां उन्होंने छात्राओं से शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार, आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर संवाद किया। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में निडर होकर संबंधित अधिकारियों और हेल्पलाइन सेवाओं से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए शिक्षा के साथ जागरूकता भी जरूरी है। शिक्षित, जागरूक और आत्मविश्वासी बेटियां ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की मजबूत नींव तैयार करती हैं। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी इन्द्रावती कुमारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय की प्राचार्या, शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टेट कराटे चैंपियनशिप में प्रकाश व मयंक को मिला ब्लैक बेल्ट



**चकिया, चंदौली।** वाराणसी के राजश्री पैलेस में आयोजित स्टेट कराटे चैंपियनशिप-2026 में चकिया तहसील क्षेत्र के दो होनहार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परचम लहराया। प्रतियोगिता के दौरान प्रकाश चंद्र अरुण पुत्र छब्बन प्रसाद और मयंक गुप्ता पुत्र नीरज गुप्ता को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के लिए ब्लैक बेल्ट प्रदान किया गया। दोनों खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं रडक्ष के फाउंडर व चीफ इंस्ट्रक्टर इंडिया शिहान विनोद वर्मा ने ब्लैक बेल्ट के साथ प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में चंदौली, सोनभद्र, मिजार्पुर, वाराणसी, जौनपुर, भदोही समेत करीब 15 जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में रडक्ष कर्ल्र के प्रेसिडेंट शिहान मसूद मुजफ्फर, शिहान कुलदीप, बसंत उपाध्याय, विनोद पटेल समेत अन्य पदाधिकारी व प्रशिक्षक मौजूद रहे। ब्लैक बेल्ट हासिल करने वाले दोनों खिलाड़ियों ने लंबे समय तक नियमित अभ्यास और कठिन प्रशिक्षण किया। उनकी मेहनत का परिणाम रहा कि उन्हें कराटे में ब्लैक बेल्ट जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। उपलब्धि मिलने के बाद दोनों खिलाड़ियों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। परिजनों और खेल प्रेमियों ने भी उन्हें बधाई दी। कोच नीरज गुप्ता ने कहा कि कराटे केवल शारीरिक मजबूती का खेल नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और धैर्य भी सिखाता है। किसी भी खिलाड़ी को सफलता हासिल करने के लिए नियमित अभ्यास के साथ लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित रहना जरूरी है। प्रकाश और मयंक ने लंबे समय तक मेहनत और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लिया, जिसका परिणाम आज ब्लैक बेल्ट के रूप में सामने आया है।

### पूर्व विधायक राजेश बहेलिया का निधन, चकिया में शोक की लहर



**चकिया, चंदौली।** चकिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश बहेलिया का सोमवार को अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही चकिया सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। राजनीतिक, सामाजिक और विभिन्न वर्गों के लोगों ने उनके निधन को क्षेत्र की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया। मंगरौर गांव निवासी राजेश बहेलिया चकिया (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे। उन्होंने भाजपा के टिकट पर 1991 और 1993 के विधानसभा चुनाव में लगातार जीत दर्ज कर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय भूमिका के चलते वह चकिया के प्रमुख भाजपा नेताओं में शुमार रहे। निधन की सूचना मिलते ही विधायक कैलाश आचार्य, पूर्व विधायक शिव तपस्या पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष काशी नाथ सिंह, सुरेन्द्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, कैलाश प्रसाद जायसवाल, मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता उर्फ आशु, ओम प्रकाश सिंह उर्फ मन्ने और अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।भाजपा की ओर से उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस कर्मियों ने भी गार्ड ऑफ ऑनर देकर पूर्व विधायक को अंतिम सलामी दी। अंतिम संस्कार वाराणसी स्थित मणिकर्णिका घाट पर किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और शुभचिंतक मौजूद रहे। उनके पैतृक गांव मंगरौर सहित पूरे चकिया क्षेत्र में शोक का माहौल रहा। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### 80% से अधिक दिव्यांगों की पेंशन में देरी, जल्द होगा भुगतान

**चंदौली।** 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले जिन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही की दिव्यांग पेंशन नहीं मिली है, उन्हें जल्द भुगतान किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रत्नेश सिंह ने बताया कि एसएनए स्पर्श प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया एनआईसी व साइबर ट्रेजरी के सहयोग से चल रही है। इसमें करीब 15 दिन से एक माह का समय लग सकता है। प्रक्रिया पूरी होते ही पेंशन की धनराशि आधार मैप्ड खातों में भेज दी जाएगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर अधिकारियों संग बैठक

**चंदौली।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सोमवार को जनपद न्यायालय परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में बैठक हुई। अपर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार-कके निर्देशन में पूर्णकालिक सचिव निकिता गौड़ की अध्यक्षता तथा विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत विकास वर्मा की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद नियत करने तथा समय से नोटिस व सम्मन भेजने के निर्देश दिए गए। सचिव ने बताया कि 12 सितंबर को सुबह 10 बजे से आयोजित लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर विभिन्न मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इसमें प्री-लिटिगेशन, सिविल, मोटर दुर्घटना दावा, भरण-पोषण, चेक बाउंस, मोटरयान अधिनियम, शमनीय दांडिक, राजस्व, चकबंदी, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली, टेलीफोन, जलकर व नगर पालिका कर निर्धारण से संबंधित मामलों का निस्तारण होगा। अधिकारियों से अधिक से अधिक लोगों को लोक अदालत का लाभ दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, समाज कल्याण विभाग के प्रधान सहायक प्रदीप कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार राय, प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रहलाद सिंह , राजेश कुमार सोनकर मौजूद रहे।

### पोषाहार से बने व्यंजनों की रेसिपी प्रतियोगिता में म्योरपुर सेक्टर अव्वल

**म्योरपुर (सोनभद्र)।** ब्लॉक सभागार म्योरपुर में सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा तैयार किए गए पोषाहार से विभिन्न व्यंजन बनाने की रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ब्लॉक के 10 सेक्टरों से आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में म्योरपुर, कुलडोमरी, परासी, कोटा, अनपरा, बीजपुर, जरहां, बेलहत्थी, सांगोबांध एवं किरबिल सेक्टर की कार्यकताओं ने पोषाहार से बनाए गए व्यंजन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में नैफेड से प्राप्त न्यूट्रीशन पोषाहार से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार किए गए। निर्णायकों ने व्यंजनों की गुणवत्ता, पौष्टिकता और प्रस्तुति के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्राप्त अंकों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रशासक मानसिंह गोंड ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में आंगनबाड़ी कार्यकताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चे के गर्भ में आने के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। कार्यकताओं द्वारा गर्भवती महिलाओं को उनकी जरूरत के अनुसार पुष्टाहार उपलब्ध कराने के साथ ही उसे सही तरीके से ग्रहण करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाता है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के बीच निरंतर संवाद बेहतर पोषण व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में म्योरपुर सेक्टर ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान प्राप्त टीम में आशा एवं सुमन शामिल रहीं। परासी सेक्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें सुमन विश्वकर्मा एवं प्रभावती रहीं। वहीं कुलडोमरी सेक्टर तृतीय स्थान पर रहा, जिसकी प्रतिभागी अनीता जायसवाल एवं सीता विश्वकर्मा रहीं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रशासक मानसिंह गोंड, सीडीपीओ नागेंद्र भारतीय, आईएसबी श्रीश त्रिपाठी, सुपरवाइजर संगीता वर्मा, बफीर्लाल, प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### मांगों को लेकर सोनभद्र विकास मंच अध्यक्ष भूख हड़ताल पर बैठे

**सोनभद्र।** जिले की स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल और परिवहन व्यवस्था में सुधार समेत विभिन्न मांगों को लेकर सोनभद्र विकास मंच ने सोमवार को आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। मंच के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव पुराने चिकित्सालय परिसर में भूख हड़ताल पर बैठ गए। दैनिक नमन के जिला संवाददाता अनिल कुमार तिवारी ने उन्हें माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया।

मंच की प्रमुख मांगों में पुराने चिकित्सालय को 24 घंटे संचालित करना, जिले के अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों को भरना, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, जर्जर एवं ढीले बिजली तारों को दुरुस्त कराना, पेयजल संकट का समाधान तथा सूरत, मुंबई और हावड़ा के लिए ट्रेन सेवा शुरू करना शामिल है। भूख हड़ताल पर बैठे मंच अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि पुराने चिकित्सालय में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा शुरू कराने को लेकर पूर्व में तीन बार सक्षम अधिकारियों की ओर से लिखित आश्वासन दिया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद आज तक सुविधा बहाल नहीं हो सकी। उन्होंने इसे शहरवासियों के साथ अन्याय बताते हुए तत्काल 24 घंटे चिकित्सा व्यवस्था शुरू कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में बिजली के पुराने एवं ढीले तार दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ऐसे तारों की तत्काल मरम्मत कराई जानी चाहिए। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों को भरने से आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं मिल सकेंगी। श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बावजूद वह जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष से पीछे नहीं हटे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के कारण उनकी 20 वर्षीय मान्यता प्राप्त पत्रकारिता का नवीनीकरण रोककर उन्हें प्रताड़ित किया गया, लेकिन उन्होंने जनहित के संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ा। मंच के उपाध्यक्ष राम भवन पटेल एवं संगठन मंत्री रमेश प्रसाद मौर्य ने किसानों के लिए समय से खाद और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की। उन्होंने नहरों पर बने झालों, पुलिया एवं नालियों की मरम्मत कराने पर भी जोर दिया। महामंत्री शिव प्रसाद यादव ने राजकीय महिला महाविद्यालय में वाणिज्य एवं विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू कराने की मांग की। उनका कहना था कि इससे जिले की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की मजबूरी कम होगी और उन्हें स्थानीय स्तर पर बेहतर शैक्षिक अवसर मिल सकेंगे।भूख हड़ताल के दौरान उप संगठन मंत्री परमेश्वर मौर्य, प्रवक्ता शिव पूजन दुबे, युवा अध्यक्ष प्रांजल श्रीवास्तव, युवा महामंत्री अनुपम दूबे, शाद अंसारी, जगदीश तोमर, बबलू कनौजिया, उमेश चैरसिया, पंकज, संतोष श्रीवास्तव, कनिष्क भार्गव सहित मंच के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### आरटीई से 1730 वंचित बच्चों को मिला निजी स्कूलों में पढ़ने का मौका

सोनभद्र। आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लागू शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) का जिले में असर दिखाई दे रहा है। वर्तमान में आरटीई के तहत 1730 वंचित बच्चों को निजी विद्यालयों में नि:शुल्क शिक्षा का अवसर मिल रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए बेहतर विद्यालयों में पढ़ाई का रास्ता खुला है।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है। ऑनलाइन आवेदन, सत्यापन और लॉटरी के माध्यम से पात्र बच्चों का चयन किया जा रहा है। इससे प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ी है और पात्र बच्चों को बिना भेदभाव शिक्षा का अधिकार दिलाने में मदद मिली है। उन्होंने बताया कि आरटीई के तहत पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा का खर्च सरकार वहन कर रही है। सोनभद्र में निजी विद्यालयों को इन बच्चों की फीस की प्रतिपूर्ति के रूप में हर साल करीब 7.50 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा रहा है। इससे एक ओर गरीब परिवारों पर बच्चों की बेहतर शिक्षा का आर्थिक बोझ कम हुआ है, वहीं दूसरी ओर निजी विद्यालयों को भी निर्धारित प्रतिपूर्ति मिल रही है। आरटीई के तहत नि:शुल्क शिक्षा मिलने से उन परिवारों के बच्चों को भी अच्छे निजी विद्यालयों में पढ़ने का अवसर मिल रहा है, जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पहले इसका खर्च उठाने में सक्षम नहीं थे। अधिकारियों के अनुसार, इस व्यवस्था से शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक असमानता कम करने और वंचित बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर देने में मदद मिल रही है।

# 22 लाख के लालच में दोस्त ने की थी हत्या में विवेक की मदद

श्रेया हत्याकांड

**साथी पुनीत मिश्रा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, मुख्य आरोपी की तलाश तेज**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



कमिश्नरेट के रोहनिया थाना क्षेत्र में हुए बहुचर्चित श्रेया उपाध्याय हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। अभी तक पुलिस मान रही थी कि प्रेमी विवेक ने अकेले हत्या की और फरार हो गया है। अब पता चला है कि प्रेमी विवेक चौबे अकेले इस हत्याकांड में शामिल नहीं था। उसने श्रेया की हत्या के लिए अपने दोस्त को भी इसमें शामिल किया था। पुनीत को पैसों को जरूरत थी, ऐसे में वह हत्याकांड में शामिल हो गया। विवेक ने श्रेया का गला पकड़ा था और पुनीत ने ही चाकू से उसका गला काट दिया था। आरोपी पुनीत मिश्रा को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के बाद विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजा गया। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और कैब ड्राइवर की गवाही से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने मामले का खुलासा किया। मुख्य आरोपी विवेक चौबे की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। पुलिस के मुताबिक, पुनीत ने पूछताछ में बताया कि विवेक ने हत्या के बाद 22 लाख रुपये देने का वादा किया था। इसलिए वह हत्या में शामिल हुआ। विवेक ने श्रेया की हत्या क्यों कराई, इसकी जानकारी उसे नहीं है। केवल इतना कहता था कि श्रेया परेशान कर रही है। पुनीत मऊ का रहने वाला है। **कैब ड्राइवर से मिले सुराग और हुई मुठभेड़-** पुलिस ने कैब का पता लगाकर मिजार्पुर के रहने वाले ड्राइवर से पूछताछ की, जिससे उस संदिग्ध युवक का मोबाइल नंबर मिला। कॉल डिटेल रिकॉर्ड, इंटरनेट प्रोटोकॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए आरोपी की पहचान पुनीत मिश्रा के रूप में हुई। उसकी लोकेशन घटनास्थल और उसके मामा के घर (चुनार) के पास पाई गई। शनिवार/रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि पुनीत मिश्रा जखनी के जमुनी तिराहे से रमईपुर मोड़ की ओर जा रहा है। चेकिंग के दौरान जब पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में पुनीत के पैर में गोली लगी और उसे दबोच लिया गया। पुनीत ने पूछताछ में बताया कि साजिश के तहत 18 अगस्त की सुबह जैसे ही विवेक श्रेया को कमरे पर लेकर आया, वह चाकू लेकर तैयार था। कमरे में आते ही विवके ने पीछे से श्रेया का गला पकड़ लिया और पुनीत ने उसके पेट में चाकू मार दिया। श्रेया के अचेत होने के बाद पुनीत ने उसके गले पर वार किया। हत्या के बाद विवेक चौबे ने कहा कि वह तुरंत रुपये लेकर आ रहा है।

### दोनों अजीज दोस्त है, पैसे की जरूरत थी

एसओजी प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में पुनीत ने बताया कि दोनों मिजार्मुराद स्थित एक कॉलेज से बी फार्मा कर चुके हैं। तभी से दोनों अजीज दोस्त हैं। बताया कि उसकी भी प्रेमिका है। महंगे शौक के कारण वह कई लाख कर्ज ले चुका है। ऐप से लोन ले चुका है। उसे पैसे की जरूरत थी। विवेक चौबे ने श्रेया उपाध्याय की हत्या में मदद करने के बदले पुनीत को 22 लाख रुपये देने का सौदा किया था। लालच में आकर पुनीत ने विवेक चौबे के साथ मिलकर श्रेया उपाध्याय की हत्या की घटना को अंजाम दिया। साजिश के तहत 17 अगस्त की रात ही पुनीत और विवेक बच्छांव पश्चिमपुरा (रोहनिया) में किराए के कमरे में आ गए थे। इस कमरे को विवेक ने विशेष रूप से श्रेया के साथ समय बिताने के लिए ही किराए पर लिया था। हत्या के बाद पुलिस जब कमरे पर पहुंची थी तो वहां केवल गद्दा और तकिया ही मिला था। गृहस्थी का कोई सामान नहीं था।

# चीनी 70 के पार, गुड़ 80 रुपए किलो

महंगाई की मार

**बढ़ गए चाय के दाम, होलसेलर बोले -100 रुपए तक जाएगा चीनी-गुड़ का भाव**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



पूरे देश में चीनी का दाम बढ़ने से हाहाकार मचा हुआ है। 14 से 16 अगस्त की बंदी के बाद अचानक से चीनी के दाम में 10 रुपए की पहले और अब 30 रुपए की वृद्धि देखने को मिल रही है। 42 से 44 रुपए किलो बिक रही चीनी आज 70 रुपए किलो बिक रही है। गुड़ के दाम में भी 20 रुपए की पिछले दस दिन में बढ़ोतरी हुई है। वाराणसी के विशेश्वरगंज मंडी में चीनी और गुड़ के व्यापारियों की मानें तो अभी इन दोनों के दाम में अभी और बढ़ोतरी होगी। वाराणसी में मौजूद पूर्वांचल की सबसे बड़ी गल्ला मंडी विशेश्वरगंज में चीनी और गुड़ के आढ़तियों (होलसेलर) और फुटकर दुकानदारों से बात किया। जाना की आखिर चीनी के दाम और गुड़ के दाम में इतनी बढोत्तरी क्यों है और आने वाले समय में क्या ये कम होगा या और बढ़ जाएगी। विश्वेश्वरगंज के होलसेलर आशीष कुमार गुप्ता ने बताया - हम चीनी के होलसेल के विक्रेता हैं। विश्वेश्वरगंज में हमारी दुकान है। चीनी का दाम एथेनॉल की वजह से बढ़ा है। क्योंकि सरकार ने कह दिया है की 22 लाख टन गन्ना ही चीनी के लिए खपाना है। 15 दिन में 18 से 20 रुपए किलो दाम बढ़ गया है। 5 किलो लेने वाला अब एक किलो ले रहा है। मिठाई वाले हमारे कस्टमर हैं। वो 20 की जगह 5 बोरी चीनी लेकर जा रहे हैं। रक्षाबंधन पर इस बार इसका असर देखने को मिलेगा। आशीष ने बताया - चीनी के साथ ही साथ गुड़ के दाम में भी बढ़ोत्तरी हो गई है। हमारे यहां चीनी के साथ गुड़ का भी व्यापार होता है। चीनी के साथ ही साथ गुड़ का भी दाम 20 से 30 रुपए तक बढ़ा है। जो गुड़ 60 रुपए किलो था वह अब 80 से 90 रुपए किलो मिल रहा है।

### एक सप्ताह में बढ़ी 1000 रुपए कीमत

प्रिंस गुप्ता विश्वेश्वरगंज में चीनी के आढ़तिया है। उन्होंने कहा - चीनी मिल मालिक 6 महीना चीनी बनाते हैं और 6 महीना चीनी बेचते हैं। 6 महीना स्टॉक करते हैं वो चीनी का। इसके पहले मिल से 32 से 42 सौ रुपए किलो बेच रहे थे। अब 63 सौ, 62 सौ और 65 सौ के हिसाब से चीनी मिल मालिक अब बेच रहे हैं चीनी। एक सप्ताह में 1000 रुपए चीनी के दाम में उछाल आया है।

### 70 रुपए किलो बेचनी पड़ रही चीनी

रामबाबू चौहान ने बताया - चीनी दस दिन में 15 से 17 रुपए किलो के हिसाब से बढ़ गया है। हम लोग रोज खरीदकर रोज बोरा बेच देते हैं। अभी हम लोगों को 66 रुपए किलो के हिसाब से बोरा मिल रहा है। 68 रुपए से 70 रुपए के हिसाब से बेचा जा रहा है। आढ़तिया कह रहे हैं की अभी और बढ़ेगा। यह महंगाई चीनी में दस साल बाद हुई है। इसके पहले हम 42 रुपए में खरीदकर 44 रुपए बेच रहे थे। लेकिन लगातार दाम चढ़ रहा है। रामबाबू ने बताया - कस्टमर आ रहे हैं और पूछकर चले जा रहे हैं। पहले अच्छी बिक्री थी। हम लोग दिन भर में चार से पांच बोरा माल खरीद लेते थे। लेकिन अब दिन भर बैठना पड़ रहा है फिर भी एक बोरा चीनी नहीं बेच पा रहे हैं।

### 50 किलो लेने वाले महज 25 किलो चीनी ले रहे

दुकानदार मनीष गुप्ता ने बताया - हम लोगों की विशेश्वरगंज में फुटकर की दुकान है। 66 रुपए कुंतल बिक रही है चीनी और अब फुटकर में 70 रुपए किलो हम लोग बेच रहे हैं। 10 दिन में 20 से 25 रुपए चीनी के दाम में बढ़ोत्तरी हुई है। जो लोग 100 किलो लेते थे वो 50 किलो ले रहे हैं। जो पचास किलो लेता था वो महज 20 किलो चीनी ले जा रहा है। इससे दुकानदारी पर असर पड़ रहा है। सुबह से बिक्री भी डाउन है।

## सुलह-समझौते के आधार पर लंबित वादों का किया जायेगा निस्तारण

वाराणसी। उच्चतम न्यायालय, मीडिएशन एवं कंसीलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी के अन्तर्गत राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 का संचालन 01 अगस्त, 2026 से किया गया है, जो निरंतर संचालित है। इस मध्यस्थता 3.0 का भाग बनकर वादकारी अपने वैवाहिक मामले, घरेलू हिंसा मामले, मोटर दुर्घटना मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्यिक मामले, उपभोक्ता फोरम मामले, भूमि अधिकरण मामले, सेवा सम्बन्धी मामले, शमनीय आपराधिक मामले, ऋण वसूली के मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले एवं अन्य उपयुक्त दिवानी मामले को मध्यस्थता के माध्यम से शान्ति पूर्ण तरीके से निस्तारित करा सकते है। पक्षकारों के बीच सुलह-समझौता जनपद न्यायालय वाराणसी परिसर स्थित ए0डी0आर0 सेन्टर के मीडियेशन हॉल में किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक

# इण्टरनेशनल हिन्दू स्कूल के विनायक ने जीता गोल्ड मेडल

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



नगवॉ, लंका स्थित इण्टरनेशनल हिन्दू स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र विनायक शर्मा ने सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वान्डों चैम्पियनशिप सत्र 2026-27 में स्वर्ण पदक अर्जित किया तथा अग्रिमा पाण्डेय, ईशानी मेहरोत्रा, अक्षर तिवारी, अर्धव सिंह, दिब्या कुमारी, युवराज मिश्रा अब्वल रहे। विनायक शर्मा ताइक्वान्डों चैम्पियनशिप नेशनल के लिए चयनित हुए जिसका आयोजन बाल बिकास प्रोगेसिव स्कूल, जट्टल पानीपत, हरियाणा में सितम्बर में सम्पन्न होगा।विद्यालय के निदेशक डॉ सुमन कुमार मिश्र ने वीडियों कॉफ्रेंसिग के माध्यम से बधाई देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अतः आर्मनर्भर भारत की संकल्पना हेतु बेहतर स्वास्थ्य भी जरूरी है, जो खेलकूद से ही संभव है। प्रबंधक संध्या मिश्रा, प्रधानाचार्य संतोष कुमार तिवारी, उप-प्रधानाचार्य गणेश शंकर चतुवेर्दी, हेड मिस्ट्रेस अनुपम श्रीवास्तव एवं ताइक्वाडों कोच रूचि मिश्रा ने विनायक शर्मा समेत समस्त प्रतिभागियों को सम्मानित कर बधाई दिया।

### 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण सम्पन्न, मिले प्रमाण पत्र



**बाबतपुर/वाराणसी।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यूनियन बैंक आरसेटी, अहिरौली, हरहुआ में आयोजित 13-दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वाराणसी, गाजीपुर एवं चंदौली जनपदों के कुल 32 सफल प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन अंचल प्रमुख टी0 कामेश्वर राव, क्षेत्र प्रमुख शैलेंद्र कुमार एवं एलडीएम अविनाश अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कृषि क्षेत्र में लोकल टू ग्लोबल की अवधारणा के अनुरूप आधुनिक कृषि तकनीकों, उत्पादों की ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन तथा वैश्विक बाजार से जुड़ने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई।

## रीडर पद पर चयन को लेकर प्रो. सुमन यादव पर गंभीर आरोप

**वाराणसी।** राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, अतर्रा-बांदा की वर्तमान प्राचार्या प्रो. सुमन यादव के रीडर पद पर चयन एवं पूर्व में प्रस्तुत किए गए कार्य-अनुभव प्रमाण-पत्रों को लेकर अधिवक्ता दीपक कुमार ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने संबंधित अभिलेखों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। अधिवक्ता दीपक कुमार का आरोप है कि वर्ष 2013 में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रो. सुमन यादव का चयन रीडर, शल्य तंत्र के पद पर किया गया था। उनके अनुसार, चयन के समय प्रस्तुत किए गए कार्य-अनुभव प्रमाण-पत्रों की वैधता एवं रीडर पद के निर्धारित मानकों के अनुरूप होने की जांच आवश्यक है। दीपक कुमार के मुताबिक, वर्ष 2009 में प्रो. सुमन यादव ने श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय,कमच्छा,वाराणसी में सहायक अध्यापिका (टीजीटी आयुर्वेद) के पद पर अपना धारणाधिकार सुरक्षित रखते हुए राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में शल्य तंत्र विभाग के प्रवक्ता पद पर 13 अक्टूबर 2009 से 12

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित होगा खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम

कार्यक्रम

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के साथ युवाओं से होगा खेल, फिटनेस और विकसित भारत पर संवाद**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस, प्रतिभा विकास एवं राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना तथा खेल क्षेत्र में देश की प्रगति एवं भविष्य की संभावनाओं पर युवाओं के साथ संवाद स्थापित करना है।वाराणसी में यह कार्यक्रम 27 अगस्त को दो स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ तथा धीरेंद्र महिला पी.जी. कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित होंगे। दोनों स्थलों पर युवाओं एवं विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसमें जनपद के सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय खेल प्रतिभाएं तथा युवा प्रतिभागी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को माय भारत पोर्टल से जुड़ने एवं पंजीकरण के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। साथ ही युवाओं से डिजिटल माध्यम से सुझाव प्राप्त करने के लिए माय भारत सजेशंस बॉक्स का क्यूआर कोड उपलब्ध कराया जाएगा तथा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 क्विज के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी।उप निदेशक, मेरा युवा भारत, वाराणसी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि खेलो इंडिया संवाद युवाओं को खेल क्षेत्र में देश की उपलब्धियों, भविष्य की संभावनाओं और खेलों में उनके योगदान से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच है।

## झांसा देकर नाक का कील व पायल लेकर उचक्के भाग निकले

**बाबतपुर/वाराणसी।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सभा अनौरा के राजस्व गांव गोसाईपुर में रविवार की दोपहर लगभग 2:30 बाइक सवार दो युवक मिंटू के घर पहुंचे मिंटू घर पर मौजूद नहीं था घर पर मौजूद उसकी पत्नी दुर्गा देवी व शाली रतन देवी निवासी भीखमपुर बड़ागांव घर पर मौजूद थी दोनों युवकों ने पहुंचकर के मिंटू के पत्नी से कहा कि तुम्हारे घर में तुम्हारी बहन को लड़का पैदा हुआ है तुम बहुत लोगों को बहुत कुछ दी हो पता चला है बरही भी बड़े धूमधाम से मनाई हो हमें भी कुछ दो इतने में मिंटू की पत्नी ने कहा की ऐसा कुछ भी नहीं है मेरी बहन को बेटी पैदा हुई है वह भी ऑपरेशन से इसलिए मैं अपने घर पर रखी हूं किसी को कुछ नहीं दी हूं। लेकिन वह दोनों युवक जबरदस्ती करने लगे और गाली गलौज देने लगे यहां तक की अपने कपड़े को उतार करके अपने को जेंडर (हिजडा.) साबित करने के लिए कपड़ा उतारने लगे बताने लग लेकिन उसकी पत्नी बार-बार मना करती रही दोनों युवक जबरदस्ती करने लगे एक वक्त अंदर जाकर के घर में मौजूद मिंटू की साली रतन देवी से नाक का किल और उसकी पत्नी दुर्गा देवी से पैर का पायल व नाक का किल निकाल करके जबरदस्ती भाग निकले।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन काव्य-धारा की पंचम मासिक गोष्ठी सम्पन्न



वाराणसी। सनातन काव्य-धारा की पंचम मासिक गोष्ठी आज शूलटंकेश्वर महादेव की गोद में स्थित स्वराज आश्रम के सुरम्य वातावरण में सम्पन्न हुई। सनातन कोई शब्द नहीं बल्कि एक विचारधारा है, जहां युवा अपने बुजुर्गों की बात मानते हुए अपने जीवन को सुंदर बना? सकते हैं। ये बातें मुख्य अतिथि डा. रामानंद दीक्षित ने रामचरितमानस के सुंदर काण्ड में जामवंत एवं हनुमान के प्रसंग के हवाले से आज की युवा पीढ़ी के सामने रक्खी। सभा की अध्यक्षता मानस मर्मज्ञ एवं वयोवृद्ध साहित्यकार गौरीशंकर तिवारी ने की। मानस परिचर्चा के उपरांत एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसका संचालन परमहंस तिवारी परम ने किया। सभी रचनाकारों ने शिव एवं सावन केंद्रित रचनाएं पढ़कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गोष्ठी का आगाज दिनेश दत्त पाठक के भक्तिमय दोहों से हुआ। मीडिया प्रभारी विजय चंद्र त्रिपाठी ने पढ़ा, महुवे की डाली पे पीढ़े का झूला, पुरानी है रस्सी संभालो - संभालो। संजीव तिवारी ने जहां सावन की कविता पढ़ी वहीं गिरीश पाण्डेय काशिकेय ने दक्ष-सती प्रसंग पर कजरी पढ़ी. विजय शंकर पाण्डेय, प्रमोद कुमार मौर्या, वेद प्रकाश पाण्डेय, राजीव श्रीवास्तव, गौरीशंकर तिवारी आदि ने अपनी समसामयिक रचनायें बाबा भोलेनाथ को समर्पित किया। सभी कवियों का स्वागत एवं धन्यवाद आश्रम की प्रभारी ऋतु कपिल ने किया।

### सिंधारा सखियों संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**वाराणसी।** मारवाड़ी युवा फाउंडेशन अरिंदम द्वारा सिंधारा सखियों संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन महमूरगंज स्थित वंशी वट होटल में किया गया। कार्यक्रम में संस्था की सभी महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा विभिन्न रंगारंग एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों से समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का सफल एवं कुशल संयोजन रितिका बाजोरिया, नैंसी अग्रवाल एवं आंशिका अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के सलाहकार सह-पत्नी राधा-राम बुबना, उषा-अरविंद जैन एवं संजू मनीष मोरोलिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अभिषेक डीडवानिया, सचिव हरी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए सत्यम अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री राघवेन्द्र सारस्वत सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा डीडवानिया, कोमल अग्रवाल एवं पंखुड़ी अग्रवाल ने किया।

### पंचायत सहायकों ने डीएम को सौपा ज्ञापन



**बाबतपुर/वाराणसी।** पंचायत सहायक लगभग 5 वर्षो से कम मानदेय का दंश झेलते चले आ रहे है। मानदेय बढ़ाने के लिए बार बार शासन को पत्र भी दिया गया लेकिन हर बार पंचायत सहायकों के पत्रों को दरकिनार कर दिया जाता रहा है। ऐसे में जनपद के 8 ब्लाकों के पंचायत सहायकों ने अब सीधे लखनऊ कूच करने का मन बना लिया है और उसी की सूचना देने के लिए सोमवार को डीएम व डीपीआरओ को पहुँचकर ज्ञापन दिया। हरहुआ क्षेत्र के वार निवासी व मीडिया प्रभारी शिवेश कुमार पांडेय ने बताया कि आज के समय में किसी ग्राम पंचायत की रीढ़ कहे तो पंचायत सहायक ही हैं क्योंकि सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने का काम पंचायत सहायक ही करते चले आ रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष जयहिंद कुमार, जिला उपाध्यक्ष गुलाम हुसैन, जिला महामंत्री शालिनी यादव, जिला संगठन मंत्री जय हिंद पाल, जिला कोषाध्यक्ष शुभम शर्मा, जिला प्रभारी राधिका देवी, जिला मीडिया प्रभारी शिवेश कुमार पाण्डेय के साथ बड़ागांव ब्लाक अध्यक्ष राजू, पिंडरा ब्लाक अध्यक्ष निखिल पटेल, सेवापुरी ब्लाक के अध्यक्ष राजकुमार, चिरईगांव ब्लाक अध्यक्ष विकास यादव, आराजीलाइन ब्लाक अध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, मनोज यादव के साथ कई पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# यूपी विस चुनाव में पिछली बार से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य

मिशन 2027

**भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश सह प्रभारी जगदीश पटेल का वाराणसी में भव्य स्वागत**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**




भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी जगदीश पटेल के सोमवार को पहली बार वाराणसी पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रदेश सरकार के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं ने अंगवस्त्रम और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट पर स्वागत एवं अगवानी करने वालों में भाजपा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल, क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्व, राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष राम सकल पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विधायक डॉ अवधेश सिंह,एमएलसी धर्मेंद्र राय, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, संतोष सोलापुरकर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा के क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने अंगवस्त्रम एवं त्रिशूल भेंटकर जगदीश पटेल का स्वागत किया। राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश के सहप्रभारी जगदीश पटेल ने कहा कि काशी विश्वनाथ के आशीर्वाद के बिना कोई काम शुरू नहीं होता। उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी का दायित्व मिलने के बाद यह उनकी पहली काशी यात्रा है और बाबा विश्वनाथ एवं बाबा काल भैरव का आशीर्वाद लेकर मै कार्यकताओं के बीच आया हुँ उन्होंने कहा कि आज भाषण का समय नहीं है।

## सुलभ प्रका बने जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी



**वाराणसी।** पिछले साढ़े तीन सालों से प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता के तौर पर वाराणसी जनपद एवं सत्र न्यायाधीश में कार्य कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सुलभ प्रकाश को जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी नियुक्त किया गया है। वे 23 अगस्त 2018 को बतौर सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नियुत्त हुये थे और बतौर सहायक साढे सात साल कार्य कर चुके है। उनकी नियुक्ति एक साल के लिये की गयी है। खुशी व्यक्त करते हुये बनारस बार के पुर्व महामंत्री नित्यानन्द राय, पुर्व प्रबंध समिति सदस्य मिलिन्द श्रीवास्तव, गौतम झा ने बधाई संदेश दिया। सुलभ प्रकाश अपने खानदान मे चौथी पीढी के अधिवक्ता है। उनके स्व पिता देवेन्द्र नाथ वर्मा भी अधिवक्ता थे, दादाजी स्व विश्म्भर नाथ वर्मा आनरेरी जज थे और परदादा अंग्रेजो के समय बनारस बलिया जौनपुर के संयुक्त रुप से जिला जज थे। उन्हे राय बहादुर का खिताब भी मिला था। सुलभ प्रकाश ने बतौर प्रभारी डी जी सी सिविल दालमंडी सड्क चौडीकरण जैसे गंभीर मामलो मे अपने विधिक राय से चौडीकरण जैसे गंभीर मामले को अंजाम तक पहुचाया।

## एसएलआर से चोरी पान मसाला बरामद, छह अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में रेल संपत्ति की चोरी एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को बड़ी सफलता मिली है। गाड़ी संख्या 15003 के पिछले एसएलआर से चोरी हुए बुकशुदा पान मसाले के छह बंडल बरामद कर छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद रेल संपत्ति की कीमत 10,002 बताई गई है। चोरी की घटना के मात्र तीन दिनों के भीतर कार्रवाई करते हुए आरपीएफ ने चोरी में प्रयुक्त टाटा मैजिक लोडर संख्या बीआर-28-जीबी-0631 को भी जब्त कर लिया। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चुघ के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। रेलवे सुरक्षा बल को 20 अगस्त को सलेमपुर-पिवकोल स्टेशनों के बीच गाड़ी संख्या 15003 के पिछले एसएलआर से बुकशुदा पान मसाला चोरी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद आरपीएफ पोस्ट भटनी में मु.अ.सं. 01/2026, धारा 3 आरपी(यूपी) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# गौवंश का बेहतर होगा इलाज और बुजुर्गों की सुगम होगी राह

निरीक्षण

**ऐढ़े गौशाला में बनेगा आधुनिक पशु अस्पताल, नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



नगर निगम क्षेत्र में पशु कल्याण और विकास कार्यों की गति तेज करने के उद्देश्य से नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ऐढ़े स्थित गौशाला परिसर और खुशहाल नगर के पीछे निमार्णाधीन सीनियर केयर सेंटर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पशुओं की चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करने और निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने ऐढ़े गौशाला के समीप स्वाधीनसागर फाउंडेशन द्वारा संचालित पशु चिकित्सा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि पशुओं के उपचार संबंधी सभी कार्य अनिवार्य रूप से पशु कल्याण अधिकारी की देखरेख में कराए जाएं। वर्तमान में कच्चे शेल्टर में चल रही चिकित्सा व्यवस्था को एक व्यवस्थित पशु अस्पताल के रूप में विकसित करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए गए, जिससे आम नागरिक भी अपने पालतू पशुओं का आसानी से इलाज करा सकें। इसके साथ ही पशुओं के सुचारू आवागमन के लिए एक मैजिक वाहन उपलब्ध कराने और परिसर में इंटरलॉकिंग व ड्रेनेज सिस्टम बनाने के निर्देश भी दिए। ?गौशाला में संरक्षित पशुओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए टीन शेड के नीचे पर्याप्त पंखे लगाने, बाउंड्री वॉल के किनारे पौधरोपण करने और एंट्री गार्ड रूम के पास रिक्त भूमि पर इंटरलॉकिंग कराने के निर्देश दिए गए। इसके बाद नगर आयुक्त ने खुशहाल नगर के पीछे निमार्णाधीन सीनियर केयर सेंटर का निरीक्षण किया।

# 68.39 मीटर पहुंची गंगा, परेशानी बरकरार

### शहर से लेकर गांवों तक दिख रहा बाढ़ का असर, 140 से ज्यादा लोग विस्थापित

गंगा में उफान

**चार गांव बाढ़ की चपेट में, गांवों के खेतों तक पहुंचा पानी**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**

गंगा का जलस्तर दो दिन से घट रहा है। 2.5 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घटाव दर्ज किया गया है, लेकिन बाढ़ का असर अभी बरकरार है। 69.20 मीटर तक पहुंचा जलस्तर सोमवार रात्रि को 68.39 मीटर पर आ गया। इसके बावजूद निचले इलाकों में पानी जमा है। अब तक 140 से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। उनमें 80 से अधिक बाढ़ राहत शिविर में पहुंचे हैं जबकि बाकी ने अपने रिश्तेदारों के यहां एवं किराये के मकानों में आश्रय लिया है। गंगा में बढ़ाव 14 अगस्त से शुरू हुआ था। तब जलस्तर 63.59 मीटर पर था। 10वें दिन जब पानी घटना शुरू हुआ, तब जलस्तर 69.20 मीटर पर था। रात्रि आठ बजे तक जलस्तर 68.94 मीटर पर आ गया था। हालांकि बाढ़ का असर अब भी शहर से लेकर गांवों तक दिख रहा है। अब तक चार गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। उनके खेतों तक पानी पहुंच गया है। अब जलस्तर घटने का क्रम बना रहा तो तटवर्ती इलाकों का तनाव भी कम होगा। आपदा विभाग की मानें तो प्रयागराज और मिजार्पुर में भी जलस्तर कम हो रहा है।



**चार गांव बाढ़ की चपेट में, खेतों तक पहुंचा पानी**

गंगा के जलस्तर में गिरावट के बावजूद बाढ़ का असर ग्रामीण क्षेत्रों में बना हुआ है। अब तक चार गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं और इन गांवों के खेतों तक पानी पहुंच गया है। ग्रामीणों को फसल और आवागमन को लेकर चिंता बनी हुई है। प्रशासन का मानना है कि यदि गंगा के जलस्तर में गिरावट का क्रम आगे भी जारी रहता है तो तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का दबाव धीरे-धीरे कम होगा। आपदा विभाग के अनुसार प्रयागराज और मिजार्पुर में भी गंगा का जलस्तर अब नीचे जा रहा है। इससे वाराणसी में भी आने वाले दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद बढ़ी है।

## सूचना

मैं, विजय कुमार पाण्डेय (VIJAY KUMAR PANDEY), पुत्र स्वर्गीय गंगा पाण्डेय, निवासी ग्राम अर्जीकलां, पोस्ट खरौझा, थाना एवं तहसील चकिया, जनपद चंदौली, यह घोषित करता हूँ कि मेरा सैन्य नंबर 14476784 K (Gunner) है तथा मैं Artillery Record, Nashik Road Camp, C/O 91 Field Regiment में कार्यरत रहा हूँ। मुझे दिनांक 03.07.1986 को 56 APO में सेवा से मुक्त किया गया था।
सेवा से मुक्त किए जाने के समय लिपिकीय त्रुटि के कारण Discharge Book में मेरा नाम BIJAY KUMAR PANEY दर्ज हो गया, जबकि भर्ती के समय से ही मेरा सही नाम VIJAY KUMAR PANDE (विजय कुमार पाण्डेय) दर्ज था।
अतः अभिलेखों में अंकित गलत नाम BIJAY KUMAR PANEY के स्थान पर मेरा सही नाम VIJAY KUMAR PANDEY (विजय कुमार पाण्डेय) दर्ज किया जाना आवश्यक है।
सही नामः VIJAY KUMAR PANDE (विजय कुमार पाण्डेय)
गलत अंकित नामः BIJAY KUMAR PANEY

# नारी शक्ति की अहमियत

भारत में नारी शक्ति सदा से वंदनीय रही है। इस वर्ग की सियासी अहमियत भी काफी रही है। तभी तो तमाम चुनावों से पहले कतिपय राजनीतिक दल उनके लिए मुफ्त योजनाओं का ऐलान करते रहे हैं। पर किसी पार्टी ने उन्हें खुलकर बोलने का मौका नहीं दिया। इस लिहाज से कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 22 अगस्त को पुणे में इतिहास रच दिया। कोटा, देहरादून, प्रयागराज के बाद राहुल गांधी पुणे में छात्रों की गूंज कार्यक्रम करने पहुंचे थे, जिसके लिए उन्होंने पहले ही ऐलान कर दिया था कि इसमें लड़कियां बोलेंगी और बाकी सब सुनेंगे। यह कार्यक्रम के प्रचार का कोई तरीका नहीं था, बल्कि इस कार्यक्रम का आधार ही यही था। पुणे पहुंचने से पहले ही राहुल गांधी ने महिलाओं से उनके विचार एक सवाल पर मांगे थे कि हिंदुस्तान में महिला होने के क्या मायने हैं। बेशक देखने में यह सीधा सा सवाल लगता है, लेकिन इससे समाज में सदियों से चली आ रही लैंगिक गैरबराबरी पर विमर्श का नया पन्ना खुल गया। लड़कियों ने इस पर अपने जवाब राहुल गांधी को भेजे। इसके बाद पुणे में राहुल गांधी ने मंच से जो बातें कहीं, जिस तरह लड़कियों को बुलाकर उनकी रोजमर्रा की दिक्कतों पर बात की, वो अद्भुत, अकल्पनीय, असाधारण और अभूतपूर्व था। आजाद भारत में आज से पहले कभी किसी नेता ने इस तरह लड़कियों को सशक्त करने की बात नहीं कही, जैसी राहुल गांधी ने पुणे में कही।



सत्येन्द्र श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक

1948 में जब संयुक्त राष्ट्र में सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा के अनुच्छेद-1 में 'सभी पुरुष स्वतंत्र और समान पैदा हुए हैं' लिखा जाना था तब भारत की तरफ से वहां मौजूद प्रख्यात समाज सुधारक हंसा मेहता ने इसका विरोध किया और उन्होंने इसे बदलकर 'सभी मनुष्य स्वतंत्र और समान पैदा हुए हैं' करवाया। दुनिया ने यह समझा कि मानवाधिकार केवल पुरुषों के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए हैं। लैंगिक बराबरी की जो बात 1948 में हंसा मेहता ने शुरू करवाई थी, पुणे में राहुल गांधी उसे ही आगे बढ़ाते हुए दिखे। सच यह है कि देश में लाखों बार महिला सशक्तिकरण की बात होती रही है। भाजपा के लिए तो महिलाएं वोटबैंक से ज्यादा कुछ नहीं हैं। इसलिए कभी मातृशक्ति तो कभी लाड़ली बहन के नाम पर उन्हें कुछ रुपए थमाकर भाजपा उनके वोट चाहती है और बदले में उन्हें सशक्त करने के सपने दिखाती है। लेकिन उस सशक्तिकरण की जमीन पर पुरुषों का ही हक होता है। मगर राहुल गांधी जैसा सवाल भाजपा महिलाओं से कभी नहीं कर पाई कि आप केवल मां, बहन, बेटी या पत्नी ही क्यों रहें, आपका महत्व केवल इन रिश्तों से नहीं है, बल्कि इनसे बढ़कर आपकी अपनी अलग पहचान और स्वतंत्र अस्तित्व है।

खास यह कि राहुल गांधी ने पितृसत्तात्मक समाज की मानसिकता के कुछ उदाहरण पेश किए, जो संयोग से भाजपा और संघ नेताओं के ही निकले। जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पचास करोड़ की गर्लफ्रेंड और दीदी ओ दीदी जैसा बयान, मोहन भागवत का यह कहना कि भारत में रेप नहीं होते, इंडिया में होते हैं, मनोहर लाल खट्टर का बयान कि 80 प्रतिशत रेप लड़कियों के कारण ही होते हैं, ऐसे सारे वीडियो राहुल गांधी ने दिखाए और फिर एक सुलगता सवाल छोड़ा कि जंतर-मंतर प्रदर्शन में लड़कियों के गाली देने पर नरेन्द्र मोदी ने इसे सांस्कृतिक झटका बताया लेकिन लड़कों के गाली देने पर कुछ नहीं कहा, ऐसा क्यों। जनता इन बयानों को पहले सुन चुकी हैं, इन वीडियोज को देख चुकी है, लेकिन अलग-अलग वक्त और मौकों पर इन्हें देख कर थोड़ी बहुत चर्चा होती थी, फिर महिला सशक्तीकरण के दो-चार जुमलों के साथ बात वहीं खत्म हो जाती थी। मगर पुणे में राहुल गांधी ने विमर्श को एकदम नयी दिशा दे दी। उन्होंने भाजपा और संघ नेताओं के उदाहरण सामने रखकर कहा कि हमें ऐसा हिंदुस्तान नहीं चाहिए। ये मनुस्मृति वाला हिंदुस्तान है। कुल मिलाकर राहुल ने महिलाओं की बराबरी का एक ऐसा राग छेड़ दिया है, जिसके सुर पकड़ पाना भाजपा के लिए लगभग नामुमकिन है। अगर भाजपा ऐसी कोशिश करेगी तो उसके पुराने तार सब टूट जाएंगे। क्योंकि संघ लड़के और लड़कियों की ऐसी बराबरी कभी मंजूर नहीं करेगा।



## अनमोल वचन

### स्वामी रामकृष्ण परमहंस

*जब तक हमारे मन में इच्छा है, तब तक हमें ईश्वर की प्राप्ति नही हो सकती है।*

## तकनीकी युवाओं के लिए स्वरोजगार हेतु बांट-माप उपकरणों की मरम्मत

# कार्यशाला स्थापना पर 50 हजार तक प्रोत्साहन

**उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आवश्यकता को युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बाट-माप उपकरणों के मरम्मत कार्य हेतु लाइसेंस आवेदन के लिए तकनीकी डिप्लोमा/डिग्री धारक युवाओं को प्रोत्साहित करने की नीति-2026 लागू की है।**



बदलते समय के साथ बाजार, उद्योग और व्यापार में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। दुकानों, मंडियों, औद्योगिक इकाइयों और विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सटीक माप के लिए आधुनिक बांट-माप उपकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में इन उपकरणों की नियमित जांच, रखरखाव और मरम्मत के लिए प्रशिक्षित तकनीकी मानव संसाधन की आवश्यकता भी बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आवश्यकता को युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा ह्नबाट-माप उपकरणों के मरम्मत कार्य हेतु लाइसेंस आवेदन के लिए तकनीकी डिप्लोमा/डिग्री धारक युवाओं को प्रोत्साहित करने की नीति-2026ह्न लागू की है। इस नीति के माध्यम से तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों के मरम्मतकर्ता के रूप में लाइसेंस प्राप्त कर अपनी कार्यशाला स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यशाला स्थापना में किए गए पात्र व्यय की प्रतिपूर्ति के रूप में अधिकतम 50 हजार रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। **तकनीकी शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की पहल-** आज बड़ी संख्या में युवा आईटीआई, डिप्लोमा और इंजीनियरिंग जैसी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन युवाओं के सामने चुनौती केवल शिक्षा प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपनी तकनीकी दक्षता को स्थायी रोजगार अथवा स्वरोजगार में बदलना भी है। प्रदेश सरकार की यह नीति इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। नीति के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे तकनीकी क्षेत्रों में योग्यता रखने वाले युवा इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों की मरम्मत के क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। इससे उन्हें किसी संस्था में नौकरी की तलाश करने के बजाय स्वयं का तकनीकी उद्यम शुरू करने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से सभी स्रोतों से वार्षिक आय 1.50 लाख रुपये से कम वाले तकनीकी योग्यता धारक युवाओं के लिए यह सहायता दी जाती है। कार्यशाला के लिए आवश्यक उपकरण खरीदने में होने वाला खर्च युवाओं के सामने सबसे बड़ी शुरूआती चुनौती होती है। सरकार द्वारा 50 हजार रुपये तक की प्रतिपूर्ति इस प्रारंभिक आर्थिक बोझ को कम करने में मदद करेगी। **तकनीकी योग्यता रखने वाले युवाओं को मिलेगा अवसर-** इस नीति के अन्तर्गत इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों की मरम्मत के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु निर्धारित तकनीकी योग्यताओं में आईटीआई इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता शामिल है। इसके अतिरिक्त भौतिक विज्ञान सहित बीएससी तथा इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक या समकक्ष योग्यता रखने वाले युवा भी निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से संचालित किए जाने से युवाओं को विभागीय कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। पात्र युवा निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके बाद कार्यशाला स्थापित करने में हुए निर्धारित पात्र व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए विभागीय पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। **पात्रता की स्पष्ट व्यवस्था-** इस नीति के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए कुछ आवश्यक शर्तें निर्धारित की गई हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उसकी सभी स्रोतों से वार्षिक आय 1.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिसके समर्थन में आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक अथवा फर्म का जीएसटी पंजीकरण होना आवश्यक है तथा आवेदक या फर्म के नाम पर अलग बैंक खाता उपलब्ध होना चाहिए। कार्यशाला का न्यूनतम कार्पेट एरिया 13 वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है। साथ ही कार्यशाला में कम से कम एक कुशल अथवा अकुशल सहायक रखना भी आवश्यक होगा। नीति के अंतर्गत एक परिवार से केवल एक व्यक्ति अर्थात स्वयं अथवा पति/पत्नी में से किसी एक को आवेदन की पात्रता होगी। इससे योजना के लाभ का अधिक से अधिक पात्र युवाओं तक पहुंचना सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रदेश सरकार ने योजना में पारदर्शिता और संसाधनों के उचित उपयोग को ध्यान में रखते हुए कुछ श्रेणियों को पात्रता से बाहर रखा है। पूर्व से कार्यरत मरम्मतकर्ता लाइसेंसधारी व्यक्ति तथा सरकार की अन्य सब्सिडी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे व्यक्ति या फर्म इस नीति के अंतर्गत पात्र नहीं होंगे। इनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य राज्य अथवा केंद्र सरकार द्वारा पोषित सब्सिडी योजनाओं के लाभार्थियों को पात्र नहीं माना गया है। इस नीति के अन्तर्गत प्रतिपूर्ति ह्नपहले आओ, पहले पाओह्न के आधार पर किए जाने का प्रावधान है। **डिजिटल व्यवस्था से पारदर्शिता को बढ़ावा-** नीति के क्रियान्वयन में डिजिटल व्यवस्था को विशेष महत्व दिया गया है। आवेदन के लिए वैध आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक है। विभागीय पोर्टल के माध्यम से नीति से संबंधित शासनादेश और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई है। ऑनलाइन आवेदन और दस्तावेजों की डिजिटल प्रक्रिया से व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा आवेदकों को आवेदन की प्रक्रिया और आवश्यक शर्तों की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी। योजना के तहत सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्ति या फर्म को कम से कम तीन वर्ष तक सक्रिय मरम्मतकर्ता के रूप में कार्य करना होगा। इस नीति का लाभ केवल संबंधित युवा तक सीमित नहीं रहेगा। जब तकनीकी योग्यता रखने वाले युवा अपने क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों की मरम्मत कार्यशालाएं स्थापित करेंगे तो स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और अन्य व्यवसायियों को भी अपने उपकरणों की मरम्मत के लिए बेहतर और स्थानीय सुविधा उपलब्ध होगी। **आत्मनिर्भर युवा, मजबूत अर्थव्यवस्था-** उत्तर प्रदेश सरकार की प्रोत्साहन नीति-2026 तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में सामने आती है। अपेक्षाकृत कम पूंजी में तकनीकी सेवा आधारित व्यवसाय शुरू करने की संभावना युवाओं के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करती है। सरकार की आर्थिक सहायता शुरूआती निवेश को कम करने में सहायक होगी, जबकि लाइसेंस आधारित व्यवस्था इस क्षेत्र में निर्धारित मानकों और दक्षता को बनाए रखने में मदद करेगी। यह पहल उस सोच को आगे बढ़ाती है जिसमें युवा केवल रोजगार पाने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले उद्यमी भी बनें। तकनीकी ज्ञान, लाइसेंस व्यवस्था और आर्थिक प्रोत्साहन का समन्वय युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

प्रदेश सरकार की बाट-माप उपकरणों की मरम्मत के क्षेत्र में तकनीकी युवाओं को प्रोत्साहित करने वाली नीति-2026 केवल 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तक सीमित पहल नहीं है। यह तकनीकी दक्षता को व्यवसायिक अवसर में बदलने, युवाओं में उद्यमिता विकसित करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। यदि प्रशिक्षित युवा इस अवसर का उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराते हैं, तो आने वाले समय में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी सेवा आधारित छोटे उद्यमों का मजबूत नेटवर्क तैयार हो सकता है।




# विनेश फोगाट विरासत में रेसलिंग



विनेश फोगाट की गिनती भारत की सबसे मशहूर महिला रेसलर्स में की जाती है। विनेश अपने करियर में कॉमनवेल्थ गेम्स में तीन गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। हालांकि, करियर के दौरान उनका विवादों से भी खूब नाता रहा है। विनेश का जन्म 25 अगस्त, 1994 को हरियाणा के बलाली गांव में हुआ। कुश्ती का खेल विनेश को विरासत में मिला। उनके ताऊ महावीर सिंह ने बेहद छोटी उम्र में ही विनेश को इस खेल की बारीकियां सिखाना शुरू कर दिया था। विनेश भी जल्द ही अपने चचेरी बहनें गीता और बबीता फोगाट की राह पर चल पड़ीं। हालांकि, यह सफर चुनौतियों से भरा रहा। विनेश जब सिर्फ 9 साल की थी, तो उनके पिता का निधन हो गया था। मगर ताऊ ने विनेश का कुश्ती से नाता नहीं टूटने दिया। सुबह 5 बजे उठकर ट्रेनिंग करने के बाद विनेश को स्कूल भी जाना पड़ता था। हालांकि, यह कड़ी ट्रेनिंग विनेश के लिए वरदान साबित हुई। इंटरनेशनल स्टेज पर विनेश की झोली में पहला मेडल साल 2014 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में आया। इसके बाद रियो ओलंपिक में भी विनेश क्वार्टर फाइनल तक पहुंची, लेकिन मेडल लाने से चूक गईं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 में विनेश का दमदार प्रदर्शन एक बार फिर देखने को मिला और उन्होंने गोल्ड पर कब्जा जमाया। एशियन गेम्स में भी वह गोल्ड जीतने में सफल रहीं। विनेश ने विश्व चैंपियनशिप में मेडल जीतने के साथ-साथ एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता और अपने खेल से हर किसी को प्रभावित किया। 2022 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में भी विनेश का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला और उन्होंने यहां भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वह कॉमनवेल्थ गेम्स में तीन गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला रेसलर बनीं। हालांकि, विनेश का विवादों से भी नाता रहा। उन्होंने साल 2023 में भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष का पद संभाल रहे बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया और बजरंग पूनिया समेत अन्य रेसलर्स के साथ मिलकर जंतर-मंतर पर धरना दिया। वहीं, पेरिस ओलंपिक में विनेश को फाइनल मुकाबले से पहले 100 ग्राम वजन ज्यादा होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि टूर्नामेंट में उनका सिल्वर मेडल पक्का था। इस पर काफी विवाद भी हुआ था।

# कपिल देव इमरान के लिए दर्द



भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव ने पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान के साथ सोमवार को मानवीय व्यवहार किए जाने की अपील की। इससे पहले रविवार को कपिल सहित 22 पूर्व अंतरराष्ट्रीय कप्तानों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पिछले छह महीने में दूसरी बार पत्र लिख कर इमरान के उचित इलाज और स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखने की अपील की थी। इस वर्ष फरवरी में सुनील गावस्कर समेत 14 पूर्व कप्तानों ने अदियाला जेल में इमरान के स्वास्थ्य को लेकर गहरी चिंता जताई थी। इमरान पर जेल में उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने और चिकित्सकीय लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। कपिल देव ने कहा कि उन्हें पाकिस्तान के कानून की जानकारी नहीं है, लेकिन वह अधिकारियों से इमरान के लिए एक कैदी के तौर पर भी बुनियादी सुविधाएं और मानवीय व्यवहार की अपील करते हैं। कपिल ने डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप के लॉन्च के मौके पर कहा, हम उस देश के कानून से परिचित नहीं हैं, यह अपनी जगह है। लेकिन हर कैदी के साथ विनम्रता और मानवीय व्यवहार होना चाहिए तथा उसे बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए, चाहे वह कोई भी हो। इमरान उस देश के पूर्व प्रधानमंत्री और दुनिया के शीर्ष क्रिकेटरों में से एक रहे हैं। हम चाहते हैं कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ इलाज मिले। हम किसी और चीज की मांग नहीं कर रहे हैं और न ही किसी जवाब की अपेक्षा है। हम सिर्फ अनुरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार यूनिस को छोड़ दें तो किसी अन्य बड़े पाकिस्तानी क्रिकेटर ने सार्वजनिक रूप से इमरान के समर्थन में सामने आकर उनके लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा की मांग नहीं की है। इस बारे में पूछे जाने पर कपिल ने कहा कि वह पाकिस्तान के क्रिकेटरों को दोष नहीं देना चाहेंगे, क्योंकि वे अपने देश में रह रहे हैं। उन्होंने कहा, हम बाहर से चीजों को देख रहे हैं। मैं अपने उस दोस्त का समर्थन करना चाहता हूं, जिसके साथ हमने क्रिकेट खेला और जिसकी क्रिकेट प्रतिभा की हमेशा प्रशंसा की। इमरान के समर्थन में लिखे गए पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में ग्रेग चैपल, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, सुनील गावस्कर, डेविड गॉवर, क्लाइव लॉयड, अर्जुन रणतुंगा, स्टीव वॉ और जॉन राइट समेत कई दिग्गज शामिल हैं। इमरान खान 2018 से 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। पद से हटाए जाने के बाद भ्रष्टाचार और अन्य मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से वह जेल में हैं।

## मेधावी अनोखे सेलिब्रेशन से वायरल



इन दिनों खेले जा रहे 2026 महिला दिल्ली प्रीमियर लीग से एक खूबसूरत क्रिकेटर अपने अनोखे सेलिब्रेशन के चलते तेजी से वायरल हो रही हैं। इंटरनेट पर हर जगह उनका वीडियो देखने को मिल रहा है. अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर यह खूबसूरत क्रिकेटर कौन है? वायरल खिलाड़ी का नाम मेधावी बिधूड़ी है, जिनकी उम्र 20 साल है। वह टूर्नामेंट में दिल्ली सेंट्रल किंग्स के लिए खेल रही हैं। 20 अगस्त को साउथ दिल्ली सुपरस्टार के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 2 विकेट लेने के बाद '6-7' सेलिब्रेशन किया. धीरे-धीरे उनके जश्न मनाने का तरीका सोशल मीडिया पर छा गया. मैच के बाद उन्होंने अपने सेलिब्रेशन का राज भी खोला। मेधावी दिल्ली की महिला टीम के लिए घरेलू क्रिकेट खेलती हैं. उनका जन्म 29 अक्टूबर 2005 को हुआ था. वह लंबे वक्त से दिल्ली की घरेलू टीम का हिस्सा हैं और स्पिन ऑलराउंडर के रूप में खेलती हैं। दिल्ली प्रीमियर लीग के मुकाबले में मेधावी ने 16वें ओवर में निशिका सिंह को आउट करने के बाद सेलिब्रेशन किया. पिछले सीजन वह साउथ दिल्ली सुपरस्टार के लिए खेलती हुई नजर आई थीं। मैच के बाद बात करते हुए मेधावी बिधूड़ी ने सेलिब्रेश को लेकर कहा, "ये '6-7' सेलिब्रेशन है। इसका थोड़ा ट्रेंड चल रहा है। मेरी छोटी बहन जेन जी है। उसने बोला कि आप अपना जर्सी नंबर 67 रखो और ये सेलिब्रेशन करो." आगे उनसे पूछा गया कि आपने 2 विकेट लिए. आपके दिमाग में क्या चल रहा था? इसके जवाब में उन्होंने कहा, "मैं ये चाह रही थीं कि बाउंड्री न आए. मैं चाह रहा थी मेरी गेंद ज्यादा डॉट हों, विकेट के लिए नहीं जा रही थी." आगे सीजन के पहले मैच को लेकर उन्होंने कहा, "बहुत अच्छा लगा. हमने बहुत सारी चीजें सीखीं अगले मैच के लिए. हमारे गेंदबाजों ने पकड़कर गेंदबाजी की।" आगे आने वाले मैचों के लिए टीम कैसे आगे बढ़े? इसको लेकर उन्होंने कहा, "मैं चाहती हूं कि हमारे बल्लेबाज और ज्यादा कॉन्फिडेंटली खेलें और अगले मैच में दिखाएं कि वो भी बल्लेबाज हैं।"

## रोबोट ने रचा नया इतिहास

बीजिंग रोबोट खेलों में चीनी ह्यूमनॉइड रोबोटों ने उसेन बोल्ट के 100 मीटर दौड़ के रिकॉर्ड को तोड़कर वैश्विक तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया है। यह आयोजन एथलेटिक स्पधाओं में मशीन और मानव क्षमताओं के बदलते संतुलन का एक प्रभावी तकनीकी विश्लेषण प्रस्तुत करता है। बीजिंग, ह्यूमनॉइड रोबोट, विश्व रिकॉर्ड, उसेन बोल्ट, रोबोटिक्स तकनीक। चीन के ह्यूमनॉइड (मनुष्यों के आकार के) रोबोट ने रविवार को बीजिंग में शुरू हुए ओलंपिक जैसे विश्व ह्यूमनॉइड रोबोट खेलों के पहले दिन मानवों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। इनमें जमैका के महान धावक उसेन बोल्ट का 100 मीटर दौड़ का विश्व रिकॉर्ड भी शामिल है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में दो हजार से अधिक ह्यूमनॉइड रोबोट हिस्सा ले रहे हैं। पांच दिन तक चलने वाले इन खेलों का यह दूसरा सत्र है। अमेरिका के साथ तकनीकी प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बीच यह आयोजन रोबोटिक्स के क्षेत्र में चीन की तेजी से बढ़ती क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। इसमें दौड़, टेबल टेनिस और फुटबॉल समेत 51 स्पधाओं में एक हजार से अधिक मुकाबले होंगे। इन खेलों का आयोजन 2022 शीतकालीन ओलंपिक के लिए बनाए गए नेशनल स्पीड स्केटिंग ओवल में हो रहा है। शनिवार को रोबोट खेलों के उद्घाटन समारोह में आयोजकों और रोबोट निमार्ताओं ने कहा कि चीन के ह्यूमनॉइड रोबोट ने मानवों के विश्व रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। इस दौरान सैकड़ों ह्यूमनॉइड रोबोट ने तालमेल के साथ मैदान में मार्च कर अपनी समन्वय क्षमता का प्रदर्शन किया। एक ह्यूमनॉइड रोबोट ने 100 मीटर दौड़ में 9.39 सेकेंड का समय दर्ज किया जो 2009 में जमैका के एथलीट उसेन बोल्ट द्वारा बनाए गए 9.58 सेकेंड के मानव विश्व रिकॉर्ड से बेहतर है। स्थिर अवस्था से ऊंची कूद में एक ह्यूमनॉइड रोबोट ने 2.88 मीटर की ऊंचाई हासिल की। यह पिछले साल खेलों के पहले सत्र में ह्यूमनॉइड रोबोट द्वारा हासिल किए गए 0.95 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी अधिक है। इस रोबोट ने क्यूबा के जेवियर सोटोमायोर द्वारा 1993 में बनाए गए 2.45 मीटर के मानव विश्व रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। दोनों रिकॉर्ड बनाने वाले रोबोट बीजिंग स्थित एक्स-ह्यूमनॉइड के थे। आयोजकों के अनुसार खेलों के उद्घाटन से पहले चीनी स्मार्टफोन कंपनी ऑनर के एक ह्यूमनॉइड रोबोट ने परीक्षण के दौरान 100 मीटर की दौड़ 9.32 सेकेंड में पूरी की थी।

## मंगलवार, 25 अगस्त 2026 (पंचांग)

सूर्योदय - 05 : 28
सूर्यास्त - 06 : 38



ज्योतिषाचार्य
आचार्य महेश चन्द्र मिश्र

**मेष** : धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
**वृषभ** : व्यापार में परेशानियों का सामना। मेहमानों का आगमन। वाणी पर नियंत्रण रखें। धनार्जन के आसार।
**मिथुन** : आज धन के लेन-देन में सावधानी रखें। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।
**कर्क** : चोट व रोग से हानि संभव है। कुसंगति से हानि होगी। विवाद न करें। फालतू खर्च बढ़ेंगे।
**सिंह** : शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में सावधानी रखें। सुख के साधन जुटेंगे। रुका हुआ धन मिलेगा।
**कन्या** : दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय बढ़ेगी।
**तुला** : कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। वाणी पर संयम आवश्यक है। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा।
**वृश्चिक** : चोरी, चोट व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्चों में कमी करें।
**धनु** : पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी बाधा दूर होगी।
**मकर** : घर-परिवार की चिंता रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी।
**कुंभ** : शत्रु परास्त होंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।
**मीन** : अचानक यात्रा के आसार। आमदनी में वृद्धि होगी। घर-परिवार की चिंता रहेगी। क्रोध से बचें।

# आरती साहा: भारत की सबसे युवा ओलंपियन



भारतीय तैराकी की दुनिया में आरती साहा का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। आरती ने बहुत ही छोटी उम्र में तैराकी की दुनिया में अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई थी। आरती साहा का जन्म 24 सितंबर 1940 में कोलकाता में हुआ था। आरती ने महज 4 साल की उम्र में तैराकी शुरू कर दी थी और 5 साल की उम्र में अपनी पहली तैराकी प्रतियोगिता जीती थी। आरती ने एक अन्य मशहूर भारतीय तैराक सचिन नाग के मार्गदर्शन में तैराकी की बारीकियां सीखी थीं। सचिन नाग एशियन गेम्स चैंपियन और ओलंपियन थे। साहा ने घरेलू स्तर पर कई प्रतियोगिताएं जीती। साल 1951 में आरती साहा ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में नेशनल रिकॉर्ड हासिल किया। इसके बाद उनका चयन 1952 में ओलंपिक के लिए भारतीय दल में हुआ था। महज 11 साल 10 महीने की उम्र में उन्होंने ओलंपिक में भाग लेकर इतिहास रचा था। वह साहा ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली सबसे युवा भारतीय हैं। साहा महिलाओं की 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक हीट में उतरीं। वह 3:40.8 सेकेंड के साथ हीट में छठे स्थान पर रहीं, लेकिन सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब नहीं हो सकीं। इसके अलावा, उन्होंने महज 19 साल की उम्र में इंग्लिश चैनल पार करने की बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। वह इंग्लिश चैनल को पार करने वाली पहली एशियन महिला एथलीट हैं। साहा ने अगस्त 1959 में पहला प्रयास किया था। उन्हे सफलता नहीं मिली थी। 29 सितंबर 1959 को अपने दूसरे प्रयास में 16 घंटे 20 मिनट तक तैरने के बाद 42 मील की दूरी तय करते हुए साहा ने इंग्लिश चैनल पार किया था। 'पद्मश्री' सम्मान पाने वाली साहा पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उन्हें भारत सरकार ने 1960 में इस सम्मान से सम्मानित किया था। 23 अगस्त 1994 को उनका निधन हो गया। सरकार ने 1998 में उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया था।

मुद्रक व प्रकाशक बीनू गुप्ता द्वारा स्वामी मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. के लिए मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. आराजी संख्या 68, मौजा गोविन्दपुर, जी.टी. रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित कराकर सी 32/22-23 रामसिंह राणा नगर विद्यापीठ रोड, वाराणसी से प्रकाशित। सम्पादक- बीनू गुप्ता। स्थानीय सम्पादक- सत्येन्द्र श्रीवास्तव ✡ सहायक सम्पादक- प्रवीण राय, आर.एन.आई.संख्या - यूपीएचआइएन/2013/53226 (सभी विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन) (संस्थापक-स्व. डॉ. लक्ष्मण दास)

फोन नं.-0542-2220300, ईमेल- betsamachar@gmail.com

✡ इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

# सावन के अंतिम सोमवार को उमड़े भक्त



### त्रिलोचन महादेव मंदिर में सुबह 8 बजे तक 200 मीटर लंबी कतार, 30 हजार श्रद्धालुओं ने की पूजा

**भारत एकता टाइम्स/ जौनपुर**

प्राचीन त्रिलोचन महादेव मंदिर में सावन के चौथे सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। भोर से पहले ही दर्शन और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लग गईं, जिससे मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा। सुबह 8 बजे तक लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा त्रिलोचन महादेव के दर्शन किए। मुख्य पुजारी रविशंकर गिरी उर्फ सोनू ने बताया कि रात्रि आरती के बाद भोर करीब 2:30 बजे मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। मंदिर प्रशासन के अनुसार, पट खुलने के बाद से ही भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव को दूध, जल, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और मालाएं अर्पित कर पूजन-अर्चन किया। नागपंचमी के अवसर पर नाग देवता का विशेष पूजन भी किया गया। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के कारण मंदिर के बाहर लगभग 200 मीटर लंबी कतार लग गई थी, जिसमें महिला, पुरुष और बुजुर्ग सभी अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। दर्शन-पूजन के बाद सोनम कंस्ट्रक्शन परिवार के सौजन्य से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, और दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। महिला पुलिस, सिविल पुलिस और पीएसी के जवानों को तैनात किया गया। स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग की टीमें भी सतर्क रहीं। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ लगातार मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इसी तरह, सुजानगंज के गौरीशंकर धाम में भी श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यहां लगभग 500 मीटर की दो लंबी कतारें लगी थीं। पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन कराने में सहयोग किया, जिसमें राजस्व कर्मी और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर उपस्थित रही।

## श्री गौरीशंकर मंदिर में शिवलिंग पर चढ़ा चांदी का छत्र



**(मछलीशहर ), जौनपुर।** सुजानगंज के ऐतिहासिक श्री गौरीशंकर मंदिर में सोमवार को धार्मिक आस्था का विशेष नजारा देखने को मिला। मंदिर के शिवलिंग पर चांदी का छत्र चढ़ाया गया। आशा पैथोलॉजी के प्रोपराइटर दीपक तिवारी ने यह चांदी का छत्र भगवान गौरीशंकर को भेंट किया। छत्र अर्पित किए जाने के दौरान मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। दीपक तिवारी ने श्रद्धाभाव से चांदी की छतरी भगवान गौरीशंकर के शिवलिंग को अर्पित की। इसका उद्देश्य शिवलिंग को विशेष रूप से सुसज्जित करना और भगवान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करना था। छत्र चढ़ाए जाने के बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे। जैसे ही चांदी का छत्र शिवलिंग पर स्थापित किया गया, श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाए। इससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान गौरीशंकर की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर में मौजूद लोगों ने धार्मिक आयोजन में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सुजानगंज थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय, डॉ. आनंद तिवारी और सूरज तिवारी समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गल्ला मंडी में खाद्य विभाग की छापेमारी

### 3 प्रतिष्ठानों पर मिला चीनी का भारी स्टॉक, दुकानदारों को दी चेतावनी

**भारत एकता टाइम्स/जौनपुर**



जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन के निर्देश पर सोमवार को शहर की सुतहटी स्थित गल्ला मंडी में जिला खाद्य विपणन अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम के मंडी पहुंचते ही गल्ला कारोबारियों में हलचल मच गई। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों पर चीनी का भारी स्टॉक मिला। टीम ने सबसे पहले फर्म अमित कुमार रवि कुमार, गल्ला मंडी सुतहटी का निरीक्षण किया। यहां चीनी का स्टॉक शून्य पाया गया। इसके बाद टीम ने वेदांश इंटरप्राइजेज की जांच की, जहां 200 कुंतल चीनी का स्टॉक मिला। वहीं सरस्वती वनस्पति भंडार में 520.50 कुंतल चीनी पाई गई। अनमोल शुगर एजेंसी के निरीक्षण में भी 300 कुंतल चीनी का स्टॉक मिला। इस तरह तीन प्रतिष्ठानों पर कुल 1020.50 कुंतल चीनी का स्टॉक दर्ज किया गया। जांच के दौरान प्रतिष्ठानों पर चीनी का बाजार मूल्य करीब 61 से 64 रुपए प्रति किलोग्राम पाया गया। निरीक्षण टीम में क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रीतम सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अरुण कुमार और पूर्ति निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी शामिल रहे। डिप्टी आरएमओ अमित द्विवेदी ने गल्ला कारोबारियों को चेतावनी दी कि निर्धारित मानक से अधिक चीनी का स्टॉक रखने पर संबंधित कारोबारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कारोबारियों को स्टॉक और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जौनपुर प्रशासन ने 'गायब' हुए 5 स्कूलों का दावा नकारा,डीएम ने कहा- स्कूल बंद नहीं हुए

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के जिले के पांच स्कूलों के 'गायब' होने के दावे को जिला प्रशासन ने खारिज कर दिया है। प्रशासन का कहना है कि ये सभी विद्यालय किराए के भवनों में संचालित हो रहे थे और इनमें छात्रों की संख्या कम थी। इसी वजह से इन्हें आसपास के बड़े विद्यालयों के साथ पेयरिंग कर संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के मुताबिक, पेयरिंग का मतलब कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को नजदीकी विद्यालय में शामिल कर संचालन करना है। इन विद्यालयों के नाम पर अलग से कोई बजट जारी नहीं किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्राथमिक विद्यालय ढालगर टोला में 43 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इसे अब कंपोजिट विद्यालय राजाबाजार के साथ पेयरिंग कर संचालित किया जा रहा है। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय मिसिरपुर कन्या में 55 विद्यार्थी हैं। इसे कंपोजिट विद्यालय पुरानी बाजार के साथ जोड़ा गया है। कंपोजिट विद्यालय गदन अर्जनी में 71 विद्यार्थी पंजीकृत हैं और इसे भी कंपोजिट विद्यालय पुरानी बाजार के साथ पेयरिंग कर संचालित किया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय उर्दू बाजार में 61 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसे मकदूमशाह अढ़न के विद्यालय के साथ पेयरिंग कर संचालित किया जा रहा है। पांचवें विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बाग हासिम में 40 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। प्रशासन के अनुसार, इसे प्राथमिक विद्यालय पुरानी बाजार में संचालित किया जा रहा है। यहां तैनात सहायक अध्यापक सेवानिवृत्त हो चुकी हैं, जबकि एक शिक्षा मित्र कार्यरत है। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने बताया कि यू-डायस पोर्टल पर प्रदर्शित इन पांचों विद्यालयों में छात्र संख्या कम थी और ये किराए के भवनों में संचालित हो रहे थे। ऐसी स्थिति में इन्हें नजदीकी विद्यालयों के साथ पेयरिंग कर संचालित किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि इन पांच विद्यालयों के नाम पर अलग से कोई बजट खर्च नहीं हो रहा है।

# कारोबार/खेल

# भारत ने श्रीलंका को दिए शुरूआती झटके, फिलहाल 495 रन पीछे

**भारत एकता टाइम्स/ कोलंबो**



भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने पहली पारी नौ विकेट पर 503 रन के स्कोर पर घोषित की। दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ने पहली पारी में दो विकेट पर आठ रन बनाए हैं और वह अभी भारत से 495 रन पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय कमिल मिशारा पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले बारिश ने दिन के खेल में खलल डाला जिससे कुछ समय के लिए मैच को रोकना भी पड़ा। भारत के लिए आज ध्रुव जुरेल ने शतक लगाया, जबकि ऋषभ पंत ने भी शानदार पारी खेली जिससे टीम इंडिया पहली पारी में 500 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रही। जुरेल अंत तक नाबाद रहे और भारत ने तीसरे सत्र में पारी घोषित करने का फैसला लिया। पहली पारी में श्रीलंका ने जल्द ही दो विकेट गंवा दिए हैं। लाहिरू उदारा (1) और प्रभात जयसूर्या 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। भारत के लिए अब तक प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार को एक-एक विकेट मिला है। अब तीसरे दिन भारतीय गेंदबाज श्रीलंका की पहली पारी जल्द समेटना चाहेंगे। भारत ने आज पांच विकेट पर 300 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपने स्कोर में 203 रन जोड़े। आज भारत ने चार विकेट गंवाए। इनमें सारांश जैन (6 रन), ऋषभ पंत (63 रन), मानव सुथार (18 रन) और मोहम्मद सिराज (3 रन) के विकेट शामिल हैं। जुरेल ने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जड़ा। वहीं, पंत ने टेस्ट करियर की 21वीं फिफ्टी लगाई। इससे पहले कल भारत ने यशस्वी जायसवाल (45 रन), केएल राहुल (18 रन), शुभमन गिल (50 रन) और रवींद्र जडेजा (43 रन) के विकेट गंवाए थे। इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल ने अपना दूसरा टेस्ट शतक जड़ा था। वह 193 गेंद पर 12 चौके की मदद से 117 रन बनाकर आउट हुए थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। इसके अलावा प्रभात जयसूर्या और केशारा नुवांथा को दो-दो विकेट मिले। लाहिरू कुमारा ने एक विकेट लिया। ध्रुव जुरेल ने अपने टेस्ट करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 171 गेंद पर शतक पूरा किया। जुरेल 99 के स्कोर के बाद भारी दबाव में दिखे थे। उन्होंने एक रन बनाने के लिए 13 गेंद ले लिए। उन्होंने दौड़कर एक रन पूरा तो किया, लेकिन अगर श्रीलंकाई फील्डर की डायरेक्ट हिट लगती तो वह पवेलियन लौटते। जुरेल श्रीलंका में सातवें नंबर पर टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले 2017 में हार्दिक पांड्या ने ऐसा किया था। उस समय ने हार्दिक ने पल्लेकल में 108 रन की पारी खेली थी। जुरेल से पहले भारत के लिए सातवें नंबर पर या इससे निचले स्थान पर भारत के लिए टेस्ट शतक नीतीश कुमार रेड्डी ने लगाया था। नीतीश ने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 114 रन बनाए थे।

## ऋषभ पंत ने किस मामले में कप्तान गिल को पीछे छोड़ा ?

**कोलंबो।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोमवार को टेस्ट रिकॉर्ड बुक में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली। श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए पंत ने अर्धशतकीय पारी खेली। इसके साथ ही पंत कप्तान शुभमन गिल को पीछे छोड़कर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान पंत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाए, जिसके बाद वह केशारा नुवान्था का शिकार बने। इस पारी के साथ ही डब्ल्यूटीसी में पंत के अब 42 टेस्ट मैचों में 2948 रन हो गए हैं। उन्होंने शुभमन गिल को पीछे छोड़ा, जिनके नाम इतने ही मैचों में 2,917 रन दर्ज हैं। इस सूची में पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 40 टेस्ट मैचों में 2,716 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (50 मैचों में 2,675 रन) चौथे और विराट कोहली (46 मैचों में 2,617 रन) पांचवें स्थान पर हैं। वर्तमान भारतीय खिलाड़ियों में युवा यशस्वी जयसवाल 30 टेस्ट मैचों में 2,588 रनों के साथ इस सूची में उनके बाद आते हैं।

# शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव

### सेंसेक्स 172 अंक लुढ़का निफ्टी 24,250 के नीचे



**मुंबई।** सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स करीब 172 अंक नीचे बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 50 भी 24,250 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया। दिनभर के कारोबार के बाद निवेशकों में थोड़ी चिंता देखने को मिली। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स 171.72 अंक की गिरावट के साथ 77,369.11 पर पहुंच गया। निफ्टी 50 में भी 32.96 अंक की कमी आई और यह 24,219.05 पर बंद हुआ। यह गिरावट कुल मिलाकर 0.22 फीसदी और 0.14 फीसदी रही। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, यह मुनाफावसूली और वैश्विक संकेतों का असर हो सकता है। कई प्रमुख शेयरों में भी बिकवाली का दबाव देखा गया। सोमवार को बाजार की शुरूआत मिली-जुली रही, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली हावी हो गई। सेंसेक्स ने दिन के निचले स्तर पर कारोबार समाप्त किया। निफ्टी 50 भी अपने शुरुआती लाभ को बरकरार नहीं रख पाया। एसबीआई लाइफ और बजाज फिन जैसे बड़े शेयरों में करीब 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इन शेयरों में आई कमी ने बाजार के समग्र प्रदर्शन को प्रभावित किया। निवेशकों ने इन कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली करना पसंद किया। यह दिखाता है कि बड़े शेयरों में भी अस्थिरता बनी हुई है। ब्रॉडर बाजार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 0.3 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। यह छोटे शेयरों में निवेशकों की सतर्कता को दर्शाता है। हालांकि, निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। यह मध्यम आकार की कंपनियों में कुछ हद तक स्थिरता का संकेत देता है। ब्रॉडर बाजार का यह मिश्रित प्रदर्शन बताता है कि निवेशक चुनिंदा शेयरों में ही दिलचस्पी दिखा रहे हैं। बाजार में आई इस गिरावट के पीछे कई संभावित कारण हो सकते हैं।

# दूसरे दिन जुरेल ने जड़ा शतक

मुकाबला

### खास टैटू ने ध्यान आकर्षित किया

**भारत एकता टाइम्स/ कोलंबो**



कोलंबो भारतीय टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे जुरेल ने दूसरे दिन तीसरे सत्र में शतक लगाया। जुरेल श्रीलंका के खिलाफ सातवें नंबर पर टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले 2017 में हार्दिक पांड्या ने ऐसा किया था। उस समय हार्दिक ने पल्लेकल में 108 रन की पारी खेली थी। जुरेल से पहले भारत के लिए सातवें नंबर पर या इससे निचले स्थान पर भारत के लिए टेस्ट शतक नीतीश कुमार रेड्डी ने लगाया था। नीतीश ने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 114 रन बनाए थे। जुरेल ने दूसरे दिन शानदार बल्लेबाजी की और शतक लगाने में सफल रहे। जुरेल ने पहली पारी में 177 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 115 रन बनाए। भारत ने अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 503 रन का स्कोर बनाकर पारी घोषित कर दी। ध्रुव जुरेल नाबाद रहे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा चार रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने आज पांच विकेट पर 300 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपने स्कोर में 203 रन जोड़े। आज भारत ने चार विकेट गंवाए। इनमें सारांश जैन (6 रन), ऋषभ पंत (63 रन), मानव सुथार (18 रन) और मोहम्मद सिराज (3 रन) के विकेट शामिल हैं। जुरेल ने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जड़ा। वहीं, पंत ने टेस्ट करियर की 21वीं फिफ्टी लगाई। इससे पहले, रविवार को भारत ने यशस्वी जायसवाल (45 रन), केएल राहुल (18 रन), शुभमन गिल (50 रन) और रवींद्र जडेजा (43 रन) के विकेट गंवाए थे। इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल ने अपना दूसरा टेस्ट शतक जड़ा था। वह 193 गेंद पर 12 चौके की मदद से 117 रन बनाकर आउट हुए थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। इसके अलावा प्रभात जयसूर्या और केशारा नुवांथा को दो-दो विकेट मिले। लाहिरू कुमारा ने एक विकेट लिया। जुरेल ने 99 से 100 रन पूरा करने में 13 गेंदें लीं। वह 2007 से 99 से 100 रन पूरे करने के मामले में सर्वाधिक गेंद लेने वाले तीसरे भारतीय हैं। उनसे आगे मुरली विजय और रविचंद्रन अश्विन हैं। विजय ने 2014 में 99 से 100 रन पूरा करने में 14 गेंद और अश्विन ने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 100 रन पूरे करने में 15 गेंदें ली थी। जुरेल के टैटू ने इस दौरान सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। जुरेल के बाइसेप्स पर जय जवान जय किसान का टैटू था जिसने सभी का ध्यान खींचा। जुरेल ने जब शतक लगाने के बाद बल्ले से अभिवादन किया तो यह टैटू दिखाई दिया।

# जल्दबाजी में नहीं, समझदारी से करें निवेश

**भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली**



म्यूचुअल फंड बाजार में हर हफ्ते एक नया फंड दस्तक दे रहा है। कभी डिफेंस, कभी बैंकिंग, तो कभी मल्टी-एसेट और स्मॉल कैप। सोशल मीडिया से लेकर डिस्ट्रीब्यूटर्स तक हर कोई नई थीम को बेहतरीन अवसर बताकर पेश कर रहा है। सुल्तानपुर में रहने वाले गिरधारी लाल तिवारी ने म्यूचुअल फंड में पहली बार कदम रखा। सोशल मीडिया और एजेंट के कहने पर उन्होंने एक नई थीम पर आए एनएफओ में 50,000 रुपये लगा दिए। सोच सीधी थी, यूनिट 10 रुपये की मिल रही है, जबकि पुराने फंडों की नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) 200 से 500 रुपये तक पहुंच चुकी है। नया फंड सस्ता है और इसके दोगुना होने की रफ्तार तेज होगी। एक साल बाद जब गिरधारी ने पोर्टफोलियो देखा, तो उस नए एनएफओ ने महज 6% का रिटर्न दिया था, जबकि उसी सेक्टर के पुराने और स्थापित फंड ने 15% का मुनाफा कमाया था। गिरधारी लाल जिस भ्रम के शिकार हुए, वह देश के लाखों खुदरा निवेशकों की आम कहानी है। आपको यह बुनियादी फर्क समझना होगा कि एनएफओ म्यूचुअल फंड कंपनियों का बिजनेस मॉडल है। यदि किसी फंड हाउस के पास लार्ज कैप या फ्लेक्सी कैप फंड है, लेकिन कोई खास सेक्टोरल या थीम आधारित स्कीम नहीं है, तो वह अपनी प्रोडक्ट बास्केट को भरने के लिए नया फंड लॉन्च करता है। यह एसेट मैनेजमेंट कंपनी की व्यावसायिक जरूरत हो सकती है, आपके पोर्टफोलियो की जरूरत नहीं। कैटेगरी समझें। देखें कि यह डेट फंड है, इक्विटी है या हाइब्रिड फंड। हर कैटेगरी का जोखिम-रिटर्न प्रोफाइल अलग होता है। इसका असर आपके पोर्टफोलियो की समग्र एसेट एलोकेशन पर पड़ता है। पोर्टफोलियो में उपयुक्तता जांचें कि यह स्कीम आपके पोर्टफोलियो में कैसे फिट बैठती है। पहले से बैंकिंग सेक्टर फंड हो, तो एक और बैंकिंग-थीम एनएफओ लेने से सेक्टर कंसंट्रेशन का जोखिम बढ़ जाएगा। बाजार की स्थिति का आकलन करें। अगर स्कीम इक्विटी है, तो देखें कि बाजार का वैल्यूएशन स्तर निवेश के लिए उपयुक्त है या नहीं। डेट फंड में ब्याज दरों की दिशा देखनी जरूरी है, आगे दरों में कटौती की संभावना हो तो लंबी अवधि के डेट फंड फायदेमंद हो सकते हैं, जबकि दरें बढ़ने की आशंका में शॉर्ट या अल्ट्रा शॉर्ट टर्म फंड ज्यादा उपयुक्त रहते हैं। फंड हाउस का ट्रैक रिकॉर्ड, यानी उनकी पुरानी स्कीमों का कैटेगरी में प्रदर्शन देखें। फंड मैनेजर का अनुभव भी जांचें, क्योंकि नई स्कीम का कोई ट्रैक रिकॉर्ड नहीं होता, ऐसे में मैनेजर की विशेषज्ञता ही भरोसे का आधार होती है। एग्जिट लोड की शर्तें ध्यान से पढ़ें, खासकर लॉक-इन वाली क्लोज-एंडेड स्कीमों में।

# सेमीफाइनल में पहुंचने से चूकी भारतीय महिला हॉकी टीम

### ऑस्ट्रेलिया से खेला गोलरहित ड्रॉ

**भारत एकता टाइम्स/ एम्सटलवीन**



भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में सफर समाप्त हो गया। भारत को दूसरे दौर के अपने आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। इस नतीजे के साथ ऑस्ट्रेलिया ने अधिक गोल करने के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बना ली, जबकि भारतीय टीम अंतिम-4 की दौड़ से बाहर हो गई। भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो का था। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीम को हर हाल में जीत दर्ज करनी थी, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए ड्रॉ भी पर्याप्त था। दिन के पहले मुकाबले में नीदरलैंड्स ने चीन को 4-1 से हराकर उसकी उम्मीदें खत्म कर दी थीं। इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला सीधे सेमीफाइनल की आखिरी जगह के लिए बन गया था। मुकाबले की शुरुआत में ही ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दबाव में डाल दिया। ऑस्ट्रेलिया ने एक करीबी प्रयास में गोल कर दिया था, लेकिन गेंद भारतीय खिलाड़ी ज्योति के शरीर के ऊपरी हिस्से से टकराकर नेट में गई। भारत ने तुरंत रेफरल लिया और वीडियो अंपायर ने इसे खतरनाक खेल करार दिया। इस फैसले से भारत ने राहत की सांस ली और स्कोर 0-0 पर बरकरार रहा।

# कॉर्पोरेट बॉन्ड मार्केट में बड़ा बदलाव

### खुदरा निवेशकों के लिए सेबी ला रहा है नया नियम

**भारत एकता टाइम्स/ मुंबई**



भारतीय पूंजी बाजार में खुदरा (रिटेल) निवेशकों की बढ़ती भागीदारी के बीच प्रतिभूति बाजार नियामक, सेबी कॉर्पोरेट बॉन्ड बाजार को अधिक सुलभ तथा पारदर्शी बनाने के लिए जल्द ही एक विस्तृत परामर्श पत्र जारी करेगा। इस कदम का मुख्य उद्देश्य ऋण बाजार (डेट मार्केट) को गहरा करना और आम निवेशकों के लिए निवेश की राह को आसान बनाना है। हाल ही में आयोजित 'बॉन्ड फेस्टिवल' कार्यक्रम के दौरान सेबी की कार्यकारी निदेशक मनिंदर चीमा ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि नियामक बॉन्ड के लिए संभावित वितरण ढांचे पर काम कर रहा है, जिसे कुछ ही दिनों में जारी किया जाएगा। वर्तमान में, भारत के कॉर्पोरेट बॉन्ड बाजार में सार्वजनिक निर्गम की हिस्सेदारी कुल बॉन्ड निर्गम के 1 प्रतिशत से भी कम है। अधिकांश बॉन्ड निजी तौर पर जारी किए जाते हैं, जिससे आम निवेशकों की पहुंच इन तक नहीं हो पाती थी। हालांकि, ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म्स (ओबीपीएस) की पहुंच इस दिशा में एक बड़ी पहल रही है। ये प्लेटफॉर्म तकनीक के माध्यम से निजी तौर पर जारी बॉन्ड को खुदरा निवेशकों तक पहुंचा रहे हैं और इन्हें सभी के लिए सुलभ बना रहे हैं। सेबी अब इस पूरी व्यवस्था को एक मजबूत वितरण ढांचे के तहत लाना चाहता है, ताकि तकनीक की मदद से पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुलभ और कुशल बनाया जा सके। भारत के निश्चित आय (फिक्स्ड-इनकम) बाजार में विकास और लोगों तक पहुंच बढ़ाने की बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले केवल चार महीनों में ही डेट निवेशकों की संख्या 3.25 गुना बढ़ी है, जो इस क्षेत्र में निवेशकों की बढ़ती रुचि को दर्शाती है। जैसे-जैसे निवेशक अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रहे हैं, बॉन्ड को अधिक सुलभ बनाना बाजार की मजबूती के लिए जरूरी होगा।

# सोना 1534 बढ़कर 1.62 लाख पर पहुंचा

### 19 हजार महंगा हो चुका, चांदी 1239 गिरकर 2.45 लाख आई

**भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली**



सोने की कीमतों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1534 रुपए बढ़कर 1.62 लाख रुपए हो गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 1239 रुपए कम होकर 2.45 लाख रुपए आ गई। इस महीने यानी अगस्त में 24 दिन में सोना 19 हजार और चांदी 29 हजार रुपए महंगी हो चुकी है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, सोना इस साल के आखिर तक 1 लाख 70 हजार रुपए तक जा सकता है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 30 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.62 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए पर थी, जो अब 2.45 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। कोटक सिक्योरिटीज के सीनियर वीपी एंड कमोडिटी रिसर्च हेड अनिंद्य बनर्जी कहते हैं कि सोने को आम निवेशकों के साथ ही दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों जैसे आरबीआई का भी सपोर्ट हासिल है, जो लगातार सोना खरीद रहे हैं।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे जिलाधिकारी राहत-बचाव तैयारियों का लिया जायजा

**पर्वतपुर और भोजपुरवा में डीएम ने जाना बाढ़ पीड़ितों का हाल, सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने की अपील**







बाढ़ पीड़ितों को मिलेगा जमीन का पट्टा और मुआवजा, डीएम ने दिए निर्देश

बाढ़ प्रभावितों की मदद को प्रशासन अलर्ट, 9 नाव और 35 एनडीआरएफ कर्मी संभाल रहे मोर्चा

**भारत एकता टाइम्स/बलिया**

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सोमवार को तहसील बांसडीह के बाढ़ प्रभावित ग्राम पर्वतपुर और भोजपुरवा का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से राशन, भोजन, चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पर्वतपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बाढ़ पीड़ितों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। यहां करीब 50 लोगों के रुकने की व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने राहत शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए बाढ़ पीड़ितों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। बाढ़ प्रभावित लोगों के उपचार के लिए मेडिकल टीम तथा पशुओं के इलाज के लिए भी चिकित्सा टीम तैनात की गई है। जिलाधिकारी ने मेडिकल टीम से उपलब्ध दवाओं एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने नाव वोट से ग्राम भोजपुरवा का भ्रमण किया और वहां बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की। निरीक्षण के दौरान गांव में करीब 20 लोग अपने पशुओं के साथ मौजूद मिले। जिलाधिकारी ने सभी से अपील की कि वे आज शाम नाव के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट हो जाएं। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को बाढ़ प्रभावित परिवारों के घरों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन बाढ़ पीड़ितों के पास रहने के लिए जमीन नहीं है, उनके लिए जमीन का पट्टा उपलब्ध कराने तथा पात्र प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के लिए 9 नावों की व्यवस्था की गई है तथा 35 एनडीआरएफ कर्मियों की टीम तैनात है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित लोगों की सुरक्षा और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा जरूरतमंदों तक सभी आवश्यक सुविधाएं समय से पहुंचाई जाएं। निरीक्षण में एसडीएम बांसडीह, तहसीलदार बांसडीह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी

**(मुबारकपुर) आजमगढ़** । दाऊदी बोहरा जमाअत द्वारा पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की पावन स्मृति में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का आयोजन पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं आपसी भाईचारे के साथ किया गया। परम्परागत रूप से आयोजित होने वाले इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के अवसर पर आज दाऊदी बोहरा जमाअत की पुरानी मस्जिद से भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर पालिका क्षेत्र एवं घास मंडी सहित विभिन्न मार्गों का भ्रमण करता हुआ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ा। जुलूस में दाऊदी बोहरा जमाअत के लोगों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों एवं समुदायों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और एक-दूसरे को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं दीं। दाऊदी बोहरा जमाअत द्वारा मनाया जाने वाला जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी अपनी परम्परा एवं निर्धारित तिथि के अनुसार आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में आज की तिथि को जमाअत द्वारा पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की खुशी के रूप में मनाते हुए धार्मिक श्रद्धा, उल्लास एवं उत्सव का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर पूरे कार्यक्रम के दौरान आपसी प्रेम, भाईचारे, शांति एवं सामाजिक सौहार्द की भावना दिखाई दी। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मिल-जुलकर इस पावन अवसर को मनाया तथा समाज में एकता एवं सद्भाव का संदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### घड़ियों की दुनिया में आजमगढ़ को मिला नया लग्जरी शोरुम

**आजमगढ़।** घड़ी अब सिर्फ समय देखने का जरिया नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, स्टाइल और स्टेटस की पहचान भी है। इसी बदलते शौक और पसंद को नया मुकाम देने के लिए आजमगढ़ शहर के प्रमुख कारोबारी क्षेत्र मातबरगंज में के ळ३ल्ल हक्ष१ ´ि के नए शोरूम ने दस्तक दी है। रविवार को आर्ट ऑफ लिविंग आजमगढ़ इकाई की गुरु पूजा एवं भव्य भजन संध्या के साथ शोरूम का शानदार आगाज हुआ। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख व्यापारी, गणमान्य नागरिक और घड़ी प्रेमियों ने पहुंचकर नए प्रतिष्ठान को शुभकामनाएं दीं। नए शोरूम के शुभारंभ के मौके पर आयोजित भजन संध्या में आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े श्रद्धालुओं ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। भक्ति और संगीत के इस संगम ने माहौल को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भजनों का आनंद लिया और नए शोरूम के सफल संचालन की कामना की। स्टोर के प्रोपराइटर एवं टाइटन के अधिकृत प्रतिनिधि ने बताया कि ळ३ल्ल हक्ष१ ´ि में ग्राहकों को आधुनिक डिजाइन, आकर्षक कलेक्शन और अलग-अलग पसंद के अनुरूप घड़ियों की रेंज उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। यानी अब घड़ी खरीदने के लिए शहर से बाहर जाने की जरूरत नहीं—मातबरगंज में ही ग्राहकों को एक बेहतर और विश्वसनीय विकल्प मिल सकेगा। खास बात यह है कि रक्षाबंधन के मौके को देखते हुए टाइटन के कई उत्पादों पर विशेष ऑफर और छूट भी उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे में अपनी पसंदीदा घड़ी खरीदने के साथ-साथ खास मौके पर अपनों को स्टाइलिश गिफ्ट देने का भी यह शानदार अवसर है। अजय कुमार अग्रवाल एवं परिवार की ओर से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में शहर के व्यापारी, गणमान्य नागरिक, घड़ी प्रेमी और आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आयोजकों ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का आभार जताते हुए कहा कि मातबरगंज में इस वर्ल्ड-क्लास शोरूम की शुरूआत आजमगढ़ के ग्राहकों को बेहतर खरीदारी अनुभव देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### कस्बा चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र शर्मा की बड़ी कार्रवाई

**आजमगढ़** । थाना मुबारकपुर पुलिस को योगा टीचर भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। कस्बा चौकी इंचार्ज उ0नि0 धर्मेंद्र शर्मा ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गिरोह के वांछित अभियुक्त राजेन्द्र चौहान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 11 फर्जी नियुक्ति पत्र बरामद किए हैं। पूछताछ में अभियुक्त ने खुद को कंप्यूटर इंजीनियर बताया है।पुलिस के अनुसार, 24 अगस्त 2026 को चौकी प्रभारी कस्बा उ0नि0 धर्मेंद्र शर्मा मय हमराह हे0का0 मुशाहिद रजा, का0 हरेंद्र सिंह और का0 कुलदीप कुमार सरोज के साथ रोडवेज तिराहा क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि योगा टीचर ठगी प्रकरण का वांछित अभियुक्त राजेन्द्र चौहान अपनी हीरो ग्लैमर बाइक संख्या वढ 60` 2864 से रोडवेज तिराहे पर किसी साथी से मिलने आने वाला है।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दी। कुछ ही देर में संदिग्ध बाइक से मौके पर पहुंचा। पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 11 अदद फर्जी नियुक्ति पत्र बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजेन्द्र चौहान पुत्र मक्खन चौहान, निवासी चरींवा (नाद पलिया), थाना भीमपुरा, जनपद बलिया, हाल पता ग्राम भदुली, थाना सिधारी, जनपद आजमगढ़, उम्र करीब 41 वर्ष के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह ने 01 अगस्त 2026 को सुजाता जायसवाल को एनजीओ में योगा टीचर की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 1 लाख 35 हजार रुपये की ठगी की थी। आरोप है कि पीड़िता को फर्जी मैक्स आईडी और फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर विश्वास में लिया गया था। मामले में थाना मुबारकपुर में मु0अ0सं0 283/2026 दर्ज किया गया था।पुलिस की कार्रवाई में इस मामले में गिरोह के एक अन्य सदस्य रितेश वर्मा को 02 अगस्त को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब राजेन्द्र चौहान की गिरफ्तारी के बाद पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और ठगी के नेटवर्क के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि फर्जी नियुक्ति पत्र और नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### लालगंज तहसीलदार बने शिवप्रकाश सरोज

**(लालगंज) आजमगढ़** । जनपद मुख्यालय से स्थानांतरित हो कर आए शिव प्रकाश सरोज ने स्थानीय तहसील के तहसीलदार का पद भार सोमवार को ग्रहण किया। स्थानीय तहसील के तहसीलदार उमेश कुमार सिंह का स्थानांतरण निजामाबाद के लिए कर दिया गया उनके स्थान पर सदर तहसीलदार शिव प्रकाश सरोज ने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।एक भेंट में उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य किया जाएगा।भूमि सम्बन्धी विवाद को विधि सम्मत तरीके से पारदर्शी ढंग से निपटाया जाएगा।शासन की योजनाओं को आम लोगों तक निष्पक्ष भाव से पहुंचाया जाएगा।आम जनता की बात को गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका निराकरण कराया जाएगा। आजमगढ़ जनपद के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद में श्रम विभाग में भी सेवा दे चुका हूँ जनपद में सेवा करने का अनुभव

### 100 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के कार्यक्रम का आयोजन

**बलिया** । राजकीय फल संरक्षण केंद्र प्रभारी बलिया, त्रिभुवन राम द्वारा अवगत कराया गया है कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनांतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं एक मासीय कुकरी (पाक कला)/बेकरी प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा 100 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण मंडल खाद्य प्रसंस्करण के राजकीय फल संरक्षण केंद्र आजमगढ़ मऊ, व बलिया पर संपन्नित होने हैं। जिसमें बेरोजगार नवयुवक एवं युवतियों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र से जुड़े उद्यम एवं प्रसंस्कृत इकाई को स्थापित करने हेतु विषय- विशेषज्ञो, अनुभवी व्यक्तियों के माध्यम से तकनीकी रूप से दक्ष किए जायेंगे। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी जनपद आजमगढ़ में प्रशिक्षण हेतु राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण केंद्र रैदोपुर के दूरभाष सं०- 9506146766 पर श्री हवलदार (पर्यवेक्षक) से संपर्क कर विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण में प्रतिभा कर सकते हैं इसी प्रकार जनपद मऊ व बलिया के प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण हेतु श्री त्रिभुवन राम, (पर्यवेक्षक) के दूरभाष सं०- 706879 5267 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण में प्रतिभा कर सकते हैं।

### छोटी काशी में अंतिम सोमवारी को श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**रसडा(बलिया)।** नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे इस वर्ष के श्रावण मास (सावन महिने) के चौथे सोमवार अंतिम सोमवारी को ऐतिहासिक नगर छोटी काशी' नाम से विख्यात पूरे क्षेत्र पूरी तरह शिवमय देखने को मिला और दिखायी आई। ऐतिहासिक लखनेश्वर डीह किला परिसर और सुप्रसिद्ध श्रीनाथ जी मंदिर व नगर के अन्य शिवालयो में भोर से ही महादेव के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दराज से आए लाखों भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया और सुख-समृद्धि की कामना की।तड़के सुबह से ही पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव', 'ऊँ नमः शिवाय' और 'जय भोलेनाथ' के जयघोष से गूंज उठा। हाथों में गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, मंदार के फूल और अन्य पूजन सामग्रियां लिए श्रद्धालुओं की कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी रहीं।भीषण गर्मी और लंबी प्रतीक्षा के बावजूद भक्तों के उत्साह और आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। विभिन्न पवित्र नदियों से कांवर में जल भरकर लाए कांवरियों के जत्थों ने भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।श्रावण की चौथी सोमवारी के विशेष आध्यात्मिक महत्व को देखते हुए, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं मंदिर सेवा समितियों के स्वयंसेवक मुस्तैद रहे। प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे विशाल जनसमूह के बावजूद व्यवस्था सुचारू बनी रही।क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवियों और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जगह-जगह विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कतारों में खड़े श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल, फलाहार और शरबत की व्यापक व्यवस्था की गई, जिसने जनसेवा की अनूठी मिसाल पेश की।भक्ति, श्रद्धा और टूटने विश्वास का यह पावन पर्व रसड़ा के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक गौरव को एक बार फिर गाथा को लोगो ध्यान पर ले गया।

### तिरंगा यात्रा एवं नशा मुक्ति अभियान का आयोजन



**बलिया** । जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. नरेन्द्र कुमार शुक्ल के संरक्षण में सोमवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा ह्लतिरंगा यात्रा एवं नशा मुक्ति अभियानह्व का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर समीपवर्ती गांवों एवं क्षेत्रों तक गई। यात्रा में विभाग के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा परिसर और समीपवर्ती क्षेत्र देशभक्ति के नारों से गुंजायमान रहा। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों एवं आमजन को राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अंग्रेजी विभाग के शिक्षकों ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. विनीत सिंह, अंग्रेजी विभाग की प्रभारी डॉ सरिता पाण्डेय सहित विभाग के सहायक आचार्य डॉ दिलीप मद्धेशिया और डॉ नीरज कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया।

## लापता देवनन्दन की गुमशुदगी दर्ज कराने के साथ जमीन-जायदाद के संरक्षण की मांग

**भारत एकता टाइम्स/आजमगढ़**



निजामाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बकिया लच्छिरामपुर निवासी श्रीपति यादव पुत्र रामानन्द ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपने चाचा देवनन्दन पुत्र लौहर की गुमशुदगी दर्ज कराने तथा उनकी जमीन-जायदाद के संबंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में श्रीपति यादव ने बताया कि उनके चाचा देवनन्दन वर्ष 1970 में घर से चले गए थे। घर से जाने के बाद से आज तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। परिवार के लोगों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की और संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की, लेकिन लंबे समय तक प्रयास करने के बावजूद देवनन्दन के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। श्रीपति यादव का कहना है कि चाचा के इतने लंबे समय से लापता रहने के कारण परिवार के सामने उनकी गुमशुदगी को लेकर गंभीर समस्या बनी हुई है। वह चाहते हैं कि देवनन्दन की गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस स्तर से उनके संबंध में आवश्यक खोजबीन और कार्रवाई कराई जाए। प्रार्थी ने अपने शिकायती पत्र में जमीन-जायदाद के संरक्षण और स्वामित्व को लेकर भी अपनी मांग रखी है। उनका कहना है कि जब तक उनके चाचा देवनन्दन का कोई पता नहीं चलता और वह वापस नहीं आते, तब तक उनकी जमीन-जायदाद की देखरेख एवं स्वामित्व संबंधी अधिकार प्रार्थी को दिया जाए, ताकि संपत्ति की उचित देखभाल हो सके और उसका दुरुपयोग अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। श्रीपति यादव ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि उनके चाचा देवनन्दन भविष्य में वापस लौटते हैं, तो वह उनकी जमीन-जायदाद उन्हें वापस सौंपने के लिए तैयार हैं।

## कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' के नेतृत्व में राष्ट्रगान के सम्मान को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**भारत एकता टाइम्स/आजमगढ़**



उन्नाव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना से संबंधित वायरल वीडियो में राष्ट्रगान के दौरान उनके मंच से नीचे उतरकर कार्यक्रम स्थल से जाने के कथित प्रकरण को लेकर आजमगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह ह्यमुन्ना रायह्ल के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कांग्रेसजनों ने थाना कोतवाली में लिखित तहरीर देकर पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की। धरने के दौरान कांग्रेसजनों ने कहा कि राष्ट्रगान देश के सम्मान, गौरव और संविधान के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। इसलिए राष्ट्रगान के दौरान सामने आए इस कथित घटनाक्रम की वास्तविकता सामने लाने के लिए वायरल वीडियो के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल के उपलब्ध सीसीटीवी एवं अन्य वीडियो फुटेज की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

कांग्रेसजनों ने पुलिस को दी गई तहरीर में मांग की कि कार्यक्रम के आयोजकों, प्रत्यक्षदर्शियों एवं संबंधित अधिकारियों के बयान दर्ज किए जाएं तथा राष्ट्रगान के दौरान वास्तव में क्या घटनाक्रम हुआ, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में यदि किसी कानून का उल्लंघन सामने आता है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध लागू कानूनों के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस से तहरीर प्राप्त किए जाने की रसीद भी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह ह्यमुन्ना रायह्ल ने कहा, ह्लराष्ट्रगान किसी राजनीतिक दल का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के सम्मान और गौरव का प्रतीक है। राष्ट्रगान के सम्मान से जुड़े किसी भी प्रकरण में राजनीति से ऊपर उठकर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। हमारा उद्देश्य किसी व्यक्ति का व्यक्तिगत अपमान करना नहीं, बल्कि तथ्यों को सामने लाना और संविधान एवं राष्ट्र के सम्मान की रक्षा करना है। यदि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा घटनाक्रम वास्तविक है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए।ह्व

उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखने में विश्वास रखती है और पार्टी कार्यकताओं से शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं मर्यादित तरीके से जनहित के मुद्दों को उठाने का आह्वान किया। धरना-प्रदर्शन एवं तहरीर देने के दौरान रियाजुल हसन, राजाराम यादव, राहुल राय, गिरीश चंद्र चतुर्वेदी, अंसार अहमद, बेलाल बेग, तेज बहादुर यादव, दिनेश यादव, मुन्नू यादव, शीला भारती, अजीत राय, सीमा भारती, संतोष सिंह, राम अवध प्रेमी, केदार मौर्य, नजम शमीम, शाहिद, मंतराज यादव , अकीलुर्रहमान, प्रदीप यादव, बृजेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर विधायक बेचई सरोज के नेतृत्व में राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**भारत एकता टाइम्स**



**(लालगंज) आजमगढ़** । समाजवादी पार्टी लालगंज द्वारा बिजली की अंधाधुंध कटौती, लो वोल्टेज, मंहगाई ,नहरो मे पानी, खाद आदि मांगो को लेकर विधायक बेचई सरोज व विधानसभा अध्यक्ष राजनरायन यादव के नेतृत्व मे भीगते हुए तहसील पहुंच कर राज्यपाल को उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा के माध्यम से ज्ञापन दिया । इस अवसर पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए विधायक बेचई सरोज ने कहा कि आज बिजली की अंधाधुंध कटौती से जनता परेशान है। आज नहरो मे टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है ।विधानसभा अध्यक्ष राजनरायन यादव ने कहा कि आज पूरे प्रदेश मे बिजली की कटौती रात मे होने से आम जनता की नीद हराम हो गयी है ।नहरो मे पानी केवल रेंग रहा है जिससे किसान अपने धान की सिचाई नहीं कर पा रहा है ।चीनी सहित अन्य घरेलू सामानो के दामों में बेतहाशा बृद्धि से जनता अपनी जरूरतो को नहीं पूरा कर पा रही है। इस अवसर संध्या राघवन, अनुपम कन्नौजिया, दीपक मौर्य, गिरीशचन्द्र मोदनवाल, सर्वेश प्रजापति, रामअवध यादव, राजेश विश्वकर्मा, जय सिंह चौहान, महेश सोनकर, समीर अहमद, चन्दन सिंह, चन्दा चौहान, संगीता शर्मा, मनीषा गौड़, साहब लाल यादव, सत्यपाल यादव, अंगद यादव, सुशीला शर्मा, संगीता सरोज, साधना देवी, नूर आलम, अमरनाथ सरोज, रम्मन यादव, सूरज यादव ,रामाश्रय यादव ऊर्फ पांचू , राजू यादव, राजेन्द्र सरोज, देवनरायन यादव, जोगी, लल्लन यादव, अजय यादव, शहीम खान, विनोद यादव, अरमान खान सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बलिया में बाढ़ का कहर: कई गांवों की आबादी में घुसा पानी



**बलिया।** जनपद में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। तहसील बलिया के ग्राम मुड़ाडीह और शहर के वार्ड नंबर-11 में बाढ़ का पानी आबादी क्षेत्र में फैल गया है। वहीं तहसील बांसडीह के भोजपुरवा, दियरा भागर, कचनार और चकविलियम तथा तहसील बैरिया के गोपालनगर टाड़ी, देवपुर मठिया और चांददियर गांवों की आबादी भी बाढ़ के पानी से प्रभावित है। प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 850 राशन किट वितरित की जा चुकी हैं। इसके अलावा 3,856 दवाओं की किट भी बांटी गई हैं। इन किटों में दवाओं के नाम, किस बीमारी में कौन-सी दवा और कितने समय तक लेनी है, इसका विवरण भी उपलब्ध कराया गया है। पशुओं को भी बाढ़ से बचाने के लिए प्रशासन सक्रिय है। अब तक 14,756 पशुओं का टीकाकरण कराया जा चुका है, जबकि पशुओं के लिए 80 कुंतल भूसा वितरित किया गया है। गोपालनगर टाड़ी और भोजपुरवा में बाढ़ प्रभावित परिवारों के ठहरने के लिए बाढ़ शरणालय और कम्युनिटी किचन स्थापित किए गए हैं। यहां से प्रभावित लोगों को पका-पकाया भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखा गया है और राहत शिविर भी संचालित किए जा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में जनरेटर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

**यौन उत्पीड़न की जांच...**

जिनके पास शिकायतें दी जा सकती है। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश आर. सुभाष रेड्डी करेंगे। यह समिति 20 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर और देश के अन्य हिस्सों में छात्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की ज्यादती के आरोपों की जांच करेगी। ये छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और अन्य परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के कारण तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

**चीनी के बाद अब...**

कीमतों में अचानक आए तेज उछाल को देखते हुए सरकार अपने बफर स्टॉक से प्याज जारी करने की तैयारी कर रही है, जिससे उस शहरों में प्याज की सप्लाई की जा सके, जिनमें इसकी कमी के चलते दाम तेजी से बढ़े हैं। हालांकि, सरकार का कहना है कि प्याज का देश में उत्पादन पिछले वर्ष के लगभग बराबर है और पर्याप्त स्टॉक आने वाले महीनों में घरेलू डिमांड को पूरा करने की स्थिति में है। सरकार की ओर से साफ किया गया कि अगस्त-सितंबर महीने में आमतौर पर प्याज की कीमतों में उछाल देखने को मिलता है, इसका कारण मौसम और सप्लाई चेन से जुड़ी परिस्थितियां है।

**चीनी-प्याज के बाद...**

के भाव 140-160 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गए हैं। वहीं, पैकेज्ड अरहर दाल की कीमत 175 से 195 रुपये के बीच चल रही है। सोमवार को प्रमुख थोक बाजारों में मसूर दाल की कीमतों में एक ही दिन के भीतर 35.28% का ऐतिहासिक उछाल आया है। खुली मसूर दाल के भाव 110-130 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं, पैकेज्ड दालों की कीमत 140-149 के बीच बनी हुई है।

**चोर दरवाजे से आरक्षण...**

जबकि ठेका कर्मचारियों की हिस्सेदारी 19 फीसदी से बढ़कर 49 फीसदी हो गई है। खड़गे ने आरोप लगाया कि स्थायी सरकारी रोजगार को ठेके की नौकरियों में बदलने और पीएसयू को बेचने से आरक्षण के तहत मिलने वाली नौकरियों के अवसर भी कम होते हैं। उन्होंने इसे भाजपा की सामाजिक न्याय विरोधी नीति करार दिया। खड़गे ने कहा कि आरक्षण खत्म करने के लिए संविधान में बदलाव करना जरूरी नहीं है। उनके मुताबिक, आरक्षण के दायरे में आने वाली सरकारी नौकरियों की संख्या कम कर देना भी इसके प्रभाव को खत्म करने का एक तरीका हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान से मिले अधिकारों को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है।

**रोजगार के मुद्दे पर...**

जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर 8.24 लाख हो गई। उन्होंने रेलवे में 2.40 लाख, रक्षा क्षेत्र में 2.41 लाख और गृह मंत्रालय में 1.10 लाख पद खाली होने का भी दावा किया। खड़गे ने कहा कि मुद्दा केवल रोजगार का नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का भी है। उनका आरोप है कि जब आरक्षित श्रेणी के सरकारी पद खाली रहते हैं तो एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्गों को मिलने वाला रोजगार का अवसर प्रभावित होता है। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों यानी पीएसयू में स्थायी नौकरियों में कमी और ठेका कर्मचारियों की संख्या बढ़ने का भी मुद्दा उठाया। खड़गे के मुताबिक, पीएसयू में 5.1 लाख स्थायी नौकरियां खत्म हुई हैं। युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां कहां हैं? हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के वादे का क्या हुआ? भारत के जनसांख्यिकीय लाभ को जनसांख्यिकीय संकट में बदलने के लिए कौन जिम्मेदार है?

**ममता फिलहाल राजनीति...**

बचत खत्म हो सकती है। एसआईआर ने गैर-कानूनी तरीके से लाखों असली वोटरों के नाम हटा दिए हैं; अगर जरूरत पड़ी, तो उन्हें वोटर लिस्ट में शामिल कराने के लिए फिर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। ममता ने आरोप लगाया कि राज्य के अलग-अलग हिस्सों में महिलाएं अन्नपूर्णा भंडार आर्थिक सहायता योजना का पैसा मिलने में देरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं।

**रक्षाबंधन पर 3 दिन...**

उन्होंने कहा कि प्राइवेट वाहन अपनी मनमानी न करें। यात्रियों से निर्धारित किराया ही लिया जाए। ओवरलोडिंग, अधिक किराया वसूली और यात्रियों से दुर्व्यवहार पर सख्त कार्रवाई की जाए। योगी ने निजी बस, टैक्सी और ऑटो को निर्धारित किराया ही लेने के निर्देश दिए हैं। ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग और ज्यादा किराया वसूलने पर कार्रवाई होगी।

**मायावती का बनेगा मंदिर...**

पत्र में उन्होंने कहा, अलीगढ़ में वह बसपा प्रमुख की प्रतिमा लगाना चाहते हैं। जिसके लिए वह मंदिर का निर्माण कराएंगे। उनका कहना है कि तहसील खैर के मोहल्ला खेरे में उनकी एक जमीन पड़ी है, उस जमीन पर खुद के खर्चे से मायावती का वह मंदिर बनाएंगे। मंदिर निर्माण को लेकर वह शासन-प्रशासन से कोई आर्थिक सहायता नहीं लेंगे। साफ किया कि अलीगढ़ में बनने वाला मायावती का मंदिर किसी भी राजनीतिक गतिविधि से जुड़ा नहीं होगा, यह केवल एक प्रेरणा स्थल होगा, जहां आने वाली पीढ़ी मायावती से प्रेरणा ले सकेगी।

**कुंभ पर खर्च का...**

लिए सरकार द्वारा भारी फंड दिए जाने के बावजूद जरूरी शिक्षा से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेले और बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर पर सरकारी खर्च के बारे में हालिया घोषणाओं का ज़िक्र किया।

जस्टिस वराले ने कहा, "सरकार विभिन्न पहलों के लिए भारी फंड देने का दावा करती है। उप मुख्यमंत्री ने कुंभ मेले के लिए 32,000 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री ने 34,000 करोड़ रुपये का ज़िक्र किया। मैंने कहीं और पढ़ा कि एक कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए 11,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं।" उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के खर्च का एक छोटा सा हिस्सा भी राज्य भर में संघर्ष कर रहे सैकड़ों शैक्षणिक संस्थानों को फिर से खड़ा कर सकता था। उन्होंने कहा, ह्लमुझे सरकार द्वारा विभिन्न विकास पहलों पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करने पर कोई आपत्ति नहीं है।

**शिक्षा बजट आवंटन...**

की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह बजट बढ़ना चाहिए था। इसके उलट, बजट में आवंटित फंड कम हो गया है और कई सालों से यह 13% तक भी नहीं पहुँच पाया है।" उन्होंने ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की खराब हालत पर जोर दिया और एक हालिया घटना का हवाला देते हुए कहा कि अधिकारियों को बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## जेएनसीयू में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट-स्पोर्ट्स एडिशन' का होगा आयोजन

**भारत एकता टाइम्स/बलिया**



24 अगस्त 2026। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत युवा कनेक्ट-स्पोर्ट्स एडिशन' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, युवा सहभागिता, राष्ट्र निर्माण तथा विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है। कार्यक्रम के जिला स्तर पर सफल क्रियान्वयन हेतु मेरा युवा भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा।

### बलिया में दो स्थानों पर होगा युवा कनेक्ट कार्यक्रम

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र कुमार शुक्ल ने बताया कि बलिया जनपद में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट-स्पोर्ट्स एडिशन' के अंतर्गत जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय तथा किसान पीजी कॉलेज, रकसा में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं से स्वयं संवाद किये जाने की भी संभावना है। इन कार्यक्रमों में स्थानीय युवाओं को खिलाड़ियों, खेल प्रतिभाओं, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नेतृत्व एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के साथ सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा।बताया कि युवा संवाद के माध्यम से युवाओं को खेलों के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, खेल प्रतिभाओं के विकास तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

# बिजली बकायेदारों पर चला विभाग का डंडा

कार्रवाई

**517 कनेक्शन जांचे, 137 की काटी बिजली**

**भारत एकता टाइम्स/ भदोही**



बिजली बिल के बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विभाग ने सोमवार को शहर में व्यापक जांच एवं वसूली अभियान चलाया। विद्युत वितरण खंड भदोही के उपखंड अधिकारी एसपी पटेल के नेतृत्व में टाउन फीडर, इंद्रामिल फीडर और धवरहरा फीडर से जुड़े क्षेत्रों में विभागीय टीमों ने घर-घर पहुंचकर विद्युत कनेक्शनों और बकाया बिलों की जांच की। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में बकायेदार सामने आए, जिनके खिलाफ विभाग ने तत्काल कार्रवाई की। अभियान के तहत स्टेशन रोड, काजीपुर, मर्यादपट्टी, मेन रोड, अजीमुल्ला चौराहा, राजपुरा, इंद्रा मिल, नई बाजार और चौरी रोड समेत शहर के विभिन्न मोहल्लों में जांच की गई। विभागीय टीमों ने करीब 517 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन की जांच की। जांच के दौरान लंबे समय से विद्युत बिल का भुगतान नहीं करने वाले 137 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। विभाग की कार्रवाई से बकायेदार उपभोक्ताओं में खलबली मची रही। उपखंड अधिकारी एसपी पटेल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बकाया विद्युत बिलों की वसूली के साथ ही उपभोक्ताओं को समय से बिल भुगतान के प्रति जागरूक करना है। जांच के दौरान बकायेदारों से करीब 15 लाख 17 हजार रुपये की बकाया धनराशि जमा कराई गई। कनेक्शन काटे जाने के बाद उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई कि बकाया बिल जमा किए बिना बिजली कनेक्शन दोबारा नहीं जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बिल उपलब्ध कराया जाता है। इसके बावजूद समय से बिल का भुगतान नहीं करने पर बकाया बढ़ता जाता है और विभाग को कार्रवाई करनी पड़ती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने विद्युत बिल का समय से भुगतान करें और किसी प्रकार की परेशानी से बचें। जांच अभियान में टाउन फीडर अवर अभियंता अमित वैश्य, इंद्रामिल फीडर अवर अभियंता कमलेश मौर्या, धवरहरा फीडर अवर अभियंता संतोष यादव, लाइनमैन विनय यादव, बेलाल खान समेत अन्य विद्युतकर्मी मौजूद रहे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बकायेदारों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जिलाधिकारी ने भक्तो की सुविधाओं का लिया जायजा

## स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**श्रावण मास के अंतिम सोमवार को लेकर शिव मंदिर एवं रामघाट का किया निरीक्षण**

**भारत एकता टाइम्स/ मऊ**



श्रावण मास के अंतिम सोमवार के अवसर पर जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन और पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने सोमवार को कोपागंज स्थित शिव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे जलाभिषेक एवं मंदिर परिसर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुचारु आवागमन के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कोपागंज के अधिकारियों को मंदिर परिसर सहित श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्गों पर बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने दोहरीघाट स्थित रामघाट का भी स्थलीय निरीक्षण किया। रामघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा घाघरा नदी से जल उठाकर विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया जाता है। जिलाधिकारी ने घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित नगर पंचायत अधिकारियों को घाट एवं उसके आसपास बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं निरंतर दुरुस्त रखी जाएं। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी घोसी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम और पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के साथ दोहरीघाट क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भारत माता घाट, गौरी शंकर घाट, खाकी बाबा की कुटी तथा मुक्तिधाम स्थल का निरीक्षण कर बाढ़ की स्थिति एवं बचाव कार्यों के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग तथा बाढ़ से जुड़े अन्य विभागों के अधिकारियों से बाढ़ से निपटने के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां अलर्ट मोड पर रखी जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग पूरी तरह तैयार रहें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित सभी नावों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।

## लापरवाही पर एसपी की सख्ती, पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**भदोही।** पुलिस विभाग में अनुशासन, जवाबदेही और कर्तव्यनिष्ठा को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने सख्त रुख अपनाते हुए पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सभी मामलों में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस की कार्यप्रणाली में लापरवाही या भ्रष्ट आचरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना ज्ञानपुर के उपनिरीक्षक श्याम नारायण यादव पर महिला संबंधी शिकायत में अपेक्षित वैधानिक कार्रवाई न करने, थाना औराई के उपनिरीक्षक विष्णुकांत मिश्रा पर लंबित विवेचनाओं के निस्तारण में उच्चाधिकारियों के निदेशों का अनुपालन न करने और विवेचना में शिथिलता बरतने पर कार्रवाई हुई।थाना चौरी के उपनिरीक्षक महेंद्र राम को अपहृता की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में अपेक्षित विवेचनात्मक कार्रवाई और तत्परता न बरतने के आरोपों की जांच में प्रथमदृष्टया पुष्टि के बाद निलंबित किया गया।

## स्कूल में डीएम और एसपी ने परखी शिक्षा और व्यवस्थाओं की हकीकत



**भारत एकता टाइम्स/ भदोही**

जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने शनिवार को विकासखंड ज्ञानपुर के प्राथमिक विद्यालय तिनबरवा का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की मौजूदगी, स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल और मध्याह्न भोजन की व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से बातचीत की और किताब पढ़वाकर उनकी पठन क्षमता व शैक्षणिक स्तर को परखा। बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने टॉफी भी खिलाई। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण एवं रुचिकर शिक्षा देने, कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता का निरीक्षण करते हुए डीएम ने बच्चों को मानक के अनुरूप पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और सुरक्षित वातावरण की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए। एसपी ने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

## किसान सभा ने चीनी के बढ़े दाम वापस लेने समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा पत्रक




**भारत एकता टाइम्स/ भदोही**

उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिला भदोही प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित पत्रक सौंपकर चीनी के बढ़े मूल्य को वापस लेने समेत पांच सूत्रीय मांगें उठाईं। किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र देव पाल ने कहा कि चीनी और तेल के बढ़े दामों से आम जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इंद्र देव पाल ने कहा कि गन्ना किसानों का चीनी मिलों पर करोड़ों रुपये बकाया है, जिसका अब तक भुगतान नहीं हो सका है। वहीं देश में कई चीनी मिलें बंद पड़ी हैं, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट बना हुआ है।किसान सभा ने मांग की कि चीनी का बढ़ा हुआ मूल्य तत्काल वापस लिया जाए, गन्ने का उपयोग एथेनॉल बनाने में न किया जाए, किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान कराया जाए और बंद चीनी मिलों को दोबारा चालू कराया जाए। इसके अलावा दूसरे देशों से चीनी के आयात पर रोक लगाने की भी मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मांगों पर शीघ्र कार्रवाई किए जाने की उम्मीद जताई। पत्रक सौंपने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रदेव पाल, मंत्री श्रीराम बिंद समेत किसान सभा के पदाधिकारी शामिल रहे।

## जिला गंगा समिति ने किया मत्स्य दान एवं कमल दान कार्यक्रम का आयोजन

**भारत एकता टाइम्स/ मऊ**



सावन के चैथे सोमवार के अवसर पर जिला गंगा समिति, द्वारा रामबचन सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय, बगली पिजडा में वाटर हार्वेस्टिंग कार्यक्रम के तहत निर्मित तालाब में मत्स्य दान एवं कमल दान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल हमारे जीवन का आधार है। जल चाहे तालाब में हो, पोखर में हो, नदी में हो अथवा वर्षा के रूप मेंकृसभी जल स्रोतों का संरक्षण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। जल के बिना जीवन और दैनिक गतिविधियों की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सावन के चैथे सोमवार के पावन अवसर पर महाविद्यालय परिसर में निर्मित तालाब में मत्स्य दान एवं कमल दान किया गया। इस तालाब का निर्माण मार्च 2026 में जल संरक्षण एवं वाटर हार्वेस्टिंग के उद्देश्य से जिला गंगा समिति तथा रामबचन सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप सेंड कराया गया था। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवनीन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में तथा जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति, मऊ डॉ. हेमन्त यादव के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पवन कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारीय डॉ. छविनाथ प्रसादय डॉ. दीपक पाराशर सहित महाविद्यालय की छात्राओं एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

## रुद्राभिषेक भगवान शिव की उपासना का महत्वपूर्ण विधान: दीपक महाराज



**मऊ।** सावन माह भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत पावन माना जाता है। इस माह में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। शीतला माता के पुजारी श्री दीपक जी महाराज ने बताया कि सावन में रुद्राभिषेक का विशेष धार्मिक महत्व है और श्रद्धा एवं विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन करने से मन को शांति तथा सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि रुद्राभिषेक भगवान शिव की उपासना का महत्वपूर्ण विधान है। सावन में शिवलिंग पर जल, दूध एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक किया जाता है। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं एवं परिवार के मंगल की प्रार्थना करते हुए भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। दीपक जी महाराज ने कहा कि सावन केवल पूजा-पाठ का महीना ही नहीं, बल्कि आस्था, संयम, सेवा और सात्विक जीवन का संदेश देने वाला पावन अवसर भी है। प्रत्येक व्यक्ति को इस माह में भगवान शिव की भक्ति के साथ जरूरतमंदों की सेवा और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से सावन माह में श्रद्धा के साथ भगवान शिव का स्मरण करने तथा धार्मिक आयोजनों में परिवार के साथ शामिल होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने की अपील की।

## डीएम ने बाढ़ प्रभावित बिरऊपुर और हसनपुर गांव का किया दौरा

**ग्रामीण गंगा नदी के किनारे बिल्कुल न जाएं पानी का प्रवाह तेज है**

**भारत एकता टाइम्स**



**रेवतीपुर (गाजीपुर)।** गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला 24 अगस्त को तहसील सेवराई के संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया । उन्होंने ग्राम पंचायत बिरऊपुर और हसनपुर का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद किया। निरीक्षण की शुरूआत ग्राम पंचायत बिरऊपुर से हुई। यह गांव गंगा के सबसे नजदीक होने के कारण बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित होता है। जिलाधिकारी ने खेतों में जाकर जलभराव की स्थिति देखी। किसानों ने बताया कि खेतों में पानी घुसने से धान की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। इस पर जिलाधिकारी ने कृषि विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को निर्देश दिया कि पूरे क्षेत्र का तत्काल सर्वे कर फसल क्षति का आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करा रखा है, उनके क्लेम की कार्यवाही प्राथमिकता पर पूरी की जाए, ताकि उन्हें समय से मुआवजा मिल सके। इसके बाद जिलाधिकारी हसनपुर गांव पहुंचे। यहां पंचायत भवन में ग्रामीणों, ग्राम प्रधान और सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने नाव, पीने के पानी, दवाओं और पशुओं के चारे से संबंधित समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे बाढ़ के दौरान अत्यंत सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण गंगा नदी के किनारे बिल्कुल न जाएं। पानी का प्रवाह तेज है और खतरा बना हुआ है। अपने बच्चों को अकेले बाहर न निकलने दें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।इसके बाद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला जमानियां तहसील सभागार में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को निर्देश दिया गया कि गांव में मौजूद सभी पशुओं का युद्धस्तर पर अभियान चलते हुए टीकाकरण कराया जाए। बाढ़ के दौरान पशुओं में संक्रामक रोग फैलने का खतरा रहता है, इसलिए पहले से बचाव जरूरी है। साथ ही पशुओं के लिए भूसे और हरे चारे का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए।

## खबर छपने के बाद खुलती गई भर्ती की परतें

**नियुक्ति रद्द होने के बाद नए सिरे से भर्ती पर सवाल**

**भारत एकता टाइम्स**

**बिरनो (गाजीपुर)।** विकासखंड बिरनो में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में कथित अनियमितताओं को लेकर दैनिक भास्कर ने अगस्त के प्रथम सप्ताह में ही मामला प्रमुखता से उठाया था। माधोपुर मिश्रौली में कथित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हुई नियुक्ति और मलेठी की नियुक्ति को लेकर उठे सवालों के बाद जैसे-जैसे शिकायतों की जांच आगे बढ़ी, वैसे-वैसे मामले की नई परतें सामने आने लगीं।इसके बाद हरसरपुर गांव में विवादित नियुक्ति से जुड़ी सहायिका के इस्तीफा देने की बात सामने आई। वहीं चांदनी कुमारी की शिकायत/आपत्ति के बाद मलेठी में भी आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति निरस्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। लगातार सामने आए इन मामलों ने भर्ती प्रक्रिया में हुए सत्यापन और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।मिश्रौली की नियुक्ति निरस्त होने के बाद चांदनी कुमारी के परिजनों ने मामले को प्रमुखता से उठाने के लिए भास्कर अखबार का आभार जताया। चांदनी कुमारी के पिता श्यामकेर राम ने बताया कि नियुक्ति निरस्त होने की जानकारी मिली है, लेकिन जब उन्होंने सीडीपीओ से भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली तो उन्हें बताया गया कि अब नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।यहीं से मामले में एक नया सवाल खड़ा हो गया है।

### एक के बाद एक मामले, जिम्मेदारी तय कब ?

माधोपुर मिश्रौली में शिकायत, मलेठी में नियुक्ति निरस्त, हरसरपुर में सहायिका का इस्तीफा और अब नए सिरे से भर्ती की चर्चा—इन घटनाक्रमों ने बिरनो की आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि भर्ती प्रक्रिया में कहीं गड़बड़ी हुई है तो केवल नियुक्ति निरस्त करना पर्याप्त नहीं है। यह भी सामने आना चाहिए कि सत्यापन में चूक कहां हुई, जिम्मेदार कौन था और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न आए। इसके लिए क्या व्यवस्था की जा रही है।अब असली परीक्षा प्रशासन की समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद मामले में कार्रवाई सामने आने से यह जरूर स्पष्ट हुआ है कि शिकायतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लेकिन अब असली परीक्षा प्रशासन की है कि वह पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर भर्ती प्रक्रिया की खामियों को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करता है या नहीं।सबसे बड़ा सवाल यही है—अगर पहली भर्ती में दस्तावेजों का सत्यापन सही था तो नियुक्ति रद्द क्यों हुई और अगर सत्यापन में गड़बड़ी थी तो जिम्मेदारी किसकी तय होगी? वहीं नए सिरे से भर्ती के फैसले ने प्रभावित अभ्यर्थियों के बीच एक और सवाल खड़ा कर दिया है कि शिकायतकर्ता को न्याय कैसे मिलेगा?फिलहाल मामला हाईकोर्ट तक पहुंचने के बाद इसकी अगली दिशा पर सभी की नजरें टिकी हैं जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय सोनी से संबंध में बात करने पर उन्होंने बताया कि जहां की नियुक्ति निरस्त की गई है वहां पर वैकेंसी निकाल कर भर्ती होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चलती कार में लगी आग, दो लोगों ने कूदकर बचाई जान

**गोपीगंज।** माधोसिंह अंडरपास के ऊपर सोमवार सुबह करीब 7:20 बजे बनारस से प्रयागराज जा रही मारुति कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार दो लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची फायर सर्विस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलने पर एनएचआई के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। हादसे के कारण मार्ग पूरी तरह बाधित नहीं हुआ और वाहनों का आवागमन सामान्य रूप से चलता रहा। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका।

### नीट-यूजी में अदिति यादव ने हासिल की ऑल इंडिया 145वीं रैंक

**भदोही।** ज्ञानपुर की छात्रा अदिति यादव ने नीट-यूजी 2026 में 720 में 690 अंक हासिल कर ऑल इंडिया 145वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी सफलता पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अदिति को पहले प्रयास में सफलता नहीं मिली थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और दोबारा मेहनत कर शानदार सफलता हासिल की। उनके पिता सत्येंद्र यादव उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल हैं, जबकि माता रंजू यादव शिक्षिका हैं। प्रारंभिक शिक्षा सेंट थॉमस स्कूल, ज्ञानपुर से प्राप्त करने के बाद उन्होंने कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी की। अदिति ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि असफलता लक्ष्य का अंत नहीं, बल्कि कमियों को सुधारकर आगे बढ़ने का अवसर है। डीएम ने उनकी उपलब्धि को पूरे जनपद के लिए गौरव बताते हुए अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया।

### रे ऑफ ह्यूमैनिटी की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**मऊ।** 09 अगस्त को आयोजित तालिमी एजाज की एक शाम नई नस्ल के नाम कार्यक्रम के बाद सोमवार को कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम के दौरान हुई उपलब्धियों और कमियों का बारीकी से अवलोकन किया गया, ताकि आने वाले कार्यक्रमों को और बेहतर, प्रभावी और उद्देश्यपूर्ण बनाया जा सके। बैठक में रे ऑफ ह्यूमैनिटी की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा हुई। संस्था द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार आयोजित किए जा रहे मेडिकल कैंपों में महिलाओं की बढती भागीदारी को देखते हुए संस्था की महिला टीम के विस्तार पर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इसी क्रम में 02 अक्तूबर गांधी जयंती के अवसर पर एक मेगा मेडिकल कैंप मुन्शीपुरा नई बस्ती इलाके में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। कैंप की तारीख और स्थान की घोषणा जल्द ही की जाएगी। यह सिर्फ एक बैठक नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को और मजबूती से निभाने की दिशा में एक और कदम है। शिक्षा, स्वास्थ्य और इंसानियत इन्हीं मूल्यों के साथ रे ऑफ ह्यूमैनिटी आगे भी समाज की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0 के व्यापक प्रचार-प्रसार की अपील

**मऊ।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनसामान्य से अपील की गई है। यह अभियान 01 अगस्त से 30 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य एवं मध्यस्थता योग्य वादों का अधिकाधिक संख्या में मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना है। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निदेर्शानुसार महिला थानों के समक्ष प्री-लिटिगेशन स्तर पर लंबित मध्यस्थता योग्य मामलों को भी चिन्हित कर मध्यस्थता हेतु संदर्भित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन को मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की है।

### सड़क पर पलटा अनियंत्रित प्लाई लदा टोटो

जमानियां (गाजीपुर)। जमानियां-हेतिमपुर मार्ग स्थित बिंद मोड़ के पास सोमवार को एक प्लाई लदा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। टोटो पलटते ही अफरा-तफरी मच गई, संयोग रहा कि चालक और आसपास मौजूद लोग बच गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टोटो पर क्षमता से अधिक प्लाई लदी हुई थी। जैसे ही टोटो बिंद मोड़ के पास पहुंचा, अचानक अपना संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे पलट गया। टोटो पलटते ही उस पर लदी भारी प्लाई सड़क पर बिखर गई।हादसा होते ही आसपास के स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और टोटो चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की मदद से टोटो को सीधा किया गया। संयोग रहा कि घटना के समय मोड़ पर कोई अन्य वाहन या राहगीर टोटो की चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

### शराब पीने के विवाद में मारपीट, युवक की मौत

**सेवराई (गाजीपुर)।** गहमर कोतवाली क्षेत्र के रायसेनपुर गांव में रविवार की शाम शराब पीने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में गंभीर रूप से घायल चंदन सिंह उर्फ तूफानी (24 )की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। युवक के भाई पंकड सिंह ने चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है।मृतक के भाई पंकज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की शाम उसका भाई चंदन सिंह उर्फ तूफानी गांव के ही कुछ लोगों के साथ शायर चट्टी पर शराब की दुकान पर गया था। वहां से शराब खरीदने के बाद सभी लोग महादेव घाट शायर की तरफ चले गए। आरोप है कि वहां शराब पीने के दौरान आपस में विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई।मारपीट की आवाज सुनकर परिजन व अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो चंदन सिंह लहूलुहान अवस्था में घायल पड़ा मिला। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए दिलदारनगर स्थित एक निजी चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में गहमर कोतवाल नंदकुमार तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### इग्नू में प्रवेश की तिथि 31 अगस्त तक

**गाजीपुर।** इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, द्वारा चलाए जाने वाला एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है। जहां प्रवेश के लिए उम्र की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इग्नू नौकरी/रोजगार करते हुए शिक्षा ग्रहण करने की सुविधा प्रदान करता है। इस सुविधा के द्वारा अभ्यर्थी अपने योग्यता को और उच्चीकृत कर सकते है। , इग्नू के समन्वयक प्रोफे .(डॉ.) सत्येंद्र नाथ सिंह ने बताया कि इग्नू दूरस्थ शिक्षा के माध्यम देश के हर कोने तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की पहुँच को साकार करते हुए वर्ष मे दो बार प्रवेश / परीक्षा प्रक्रिया चलाया जाता है। जिससे छात्र का समय बर्बाद न हो। यह विश्वविद्यालय अपने छात्रों को उच्च स्तरीय, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री प्रदान करता है। इग्नू की ओर से शैक्षणिक सत्र जुलाई 2026 में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसमे यूजी, पीजी, (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) प्रमाणपत्र( सर्टिफिकेट), डिप्लोमा, पी.जी. डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इग्नू की वेबसाइट ्ल्लह्ण४.ल्ल पर लॉगिन कर रजिस्ट्रेशन ले सकते है। जुलाई 26 सत्र में इग्नू केंद्र पी जी कॉलेज, गाजीपुर में बीए (ल्ह्णल्ल२) होम साइंस में प्रवेश चल रहा है जिसकी मान्यता पिछले सत्र में मिली थी। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है तथा अन्य किसी भी जानकारी के लिए इग्नू अध्ययन केन्द्र 27101 के समन्वयक प्रोफ. सत्येन्द्र नाथ सिंह, पीजी.कालेज, से सम्पर्क कर समस्या का समाधान करा सकते है।

### धरनारत सभासदों से सीआरओं सुनील कुमार ने की वार्ता

**जमानियां (गाजीपुर)** ।नगरपालिका द्वारा बढ़ाये गए गृहकर व ट्रेड शुल्क को लेकर आक्रोश गहराता जा रहा है।नपा कार्यालय में धरने पर बैठे सभासदों से सोमवार को सीआरओं सुनील कुमार वार्ता करने पहुंचे लेकिन वार्ता विफल रहा और धरना आठवें दिन जारी रहा।वही व्यापार मंडल का भी क्रमिक धरना रामलीला मैदान में चला। नगर के लोग भी सड़क पर उतर एसडीएम निधि को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा।नपा कार्यालय परिसर में आउट सोर्सिंग कर्मी पीएफ घोटाला,गृहकर वृद्धि सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना पर बैठे 18 सभासदों से वार्ता के लिए सीआरओं सुनील कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर पालिका परिषद पहुंचे और सभागार में धरना रत सभासदों से वार्ता किया लेकिन सभासद हो हल्ला कर नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर बैठ गए।कुछ देर बाद ईओं संतोष कुमार व निरीक्षक रामसजन नागर पहुंचे और सभासदों से पुनः वार्ता करने के लिए समझाया तो सभासद चले गए लेकिन लगभग आधा घँटा चले बैठक में बात नहीं बनने पर सभासद पुनः वापस धरना स्थल पर आ गए और नारेबाजी करने लगे। कुछ देर बाद सीआरओं भी धरना स्थल पर पहुंच और 11 सूत्रीय मांग पत्र पर कमेटी बनाकर एक माह में जांच कराने का आश्वाशन सभासदों को देकर धरना खत्म करने की बात कही।लेकिन सभासद सीआरओं की बात से संतुष्ट नहीं हुए और धरना आठवें दिन भी जारी रहा।भाजपा के सभासद विकास जयसावल,सुरेंद्र चौधरी,राकेश प्रजापति,माया देवी ने बताया की सीआरओ से वार्ता के क्रम में संतोषजनक वार्ता नहीं हुआ।सीआरओ द्वारा जांच के लिए एक माह का समय मांगा जा रहा था जिस पर हम सभासद तैयार नहीं है।इसलिए धरना खत्म नहीं हुआ ।आगामी तीन दिनों में हम सभासद जिलाधिकारी को त्याग पत्र सौंपेगे।





# भक्ति के सोमवार की भव्य पूर्णाहुति

## मंगला आरती के बाद सुबह चार बजे खुले बाबा विश्वनाथ के पट, दो किलोमीटर तक पहुंची लंबी लाइन



भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

हाथों में गंगाजल, होठों पर हर-हर महादेव... का उद्घोष। सावन के अंतिम सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ की नगरी शिवभक्तों से बम-बम हो उठी। भीड़ का आलम ऐसा था कि धाम की ओर जाने वाली सड़क और गलियों में बस शिवभक्तों का रेला। शिव की काशी केसरियामय हो उठी। सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रावण मास के अंतिम सोमवार की शुरूआत भगवान श्री काशी विश्वनाथ की मंगला आरती के साथ हुई। आरती के बाद धाम के बाहर मैदागिन और गोदौलिया की तरफ पंक्तिबद्ध श्रद्धालुओं पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण, डिप्टी कलेक्टर शंभू शरण ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पिछले तीन सोमवार के मुकाबले अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दोपहर 12 बजे तक श्रद्धालुओं की कतार बैरिकेडिंग में आगे बढ़ती रही। सावन की फुहार के बीच श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भक्तों ने श्री काशी विश्वनाथ दरबार में आस्था की डुबकी लगाई। सावन के अंतिम सोमवार को प्रदोष के साथ ही आयुष्मान और सौभाग्य योग के संयोग में शिवभक्तों ने भी पुण्य कमाया। अपने आराध्य का जलाभिषेक और झांकी दर्शन करने के लिए भक्तों की अटूट कतार मंगला आरती से शयन आरती तक अनवरत लगी रही। मध्य रात्रि से ही कतारबद्ध श्रद्धालुओं के चेहरे पर थकान का नाम तक नहीं था। जैसे ही मंगला के अनुष्ठान पूरे हुए, मंदिर के द्वार आम भक्तों के लिए खुल गए। हर हर महादेव का जयघोष करते हुए हुए श्रद्धालु आगे बढ़ रहे थे।

वहीं कांवड़ियों का रेला दशाश्वमेध घाट पर स्नान के बाद धाम को जाने वाली कतार में शामिल होता रहा। भीड़ का आलम यह था कि दशाश्वमेध घाट, गोदौलिया, बांसफाटक होते हुए मैदागिन तक केवल केसरिया वेषधारी शिवभक्त ही नजर आ रहे थे। भोग आरती, मध्याह्न आरती और सप्तर्षि आरती के दौरान श्रद्धालुओं का दबाव सबसे अधिक रहा। गंगा घाट दशाश्वमेध से लेकर गोदौलिया, चौक, मैदागिन और विश्वनाथ परिसर तक की सड़कें श्रद्धालुओं से पट गई थीं। शयन आरती तक 5.75 लाख से अधिक शिवभक्त बाबा का जलाभिषेक कर चुके थे।

### हाथों में गंगाजल होठों पर हर-हर महादेव..., गलियों से धाम तक भक्त ही भक्त

### साढ़े तीन सौ लोग पहुंचे मंगला आरती में

बाबा की मंगला आरती में 350 से अधिक श्रद्धालु रहे। मंगला आरती के बाद भोर में पौने चार बजे सामान्य भक्तों के लिए मंदिर खुला।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रही। मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए। सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन से भी निगरानी की जा रही, ताकि भीड़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारू बनी रहे।





## भक्तों पर बरसे फूल, रच-रच कर हुआ रुद्राक्ष श्रृंगार

सावन के अंतिम सोमवार को शिव की नगरी और धाम भक्तों से गुलजार हो उठा। मंदिर प्रशासन की ओर से भक्तों पर फूल बरसाए गए तो वहीं बाबा विश्वनाथ का रुद्राक्ष श्रृंगार किया गया। बाबा विश्वनाथ के रुद्राक्ष स्वरूप की झांकी देखकर भक्तों ने रुद्रशंकर स्वरूप के साथ माता पार्वती का आशीष भी लिया। सोमवार को जलाभिषेक के लिए धाम में पहुंचे भक्तों को पूरे मंदिर परिसर का रुद्राक्ष श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। मध्यरात्रि को ही पूरे मंदिर परिसर को डेढ़ लाख रुद्राक्ष से सजाया गया। भगवान शिव व पार्वती की प्रतिमा को भी रुद्राक्ष श्रृंगार के बाद गर्भगृह में विराजमान कराया गया। फूल-मालाओं के साथ ही रुद्राक्ष के श्रृंगार से सजा बाबा का दरबार देखकर भक्त भी मंत्रमुग्ध नजर आए। मंदिर में सजाए गए रुद्राक्ष को भक्तों को प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाएगा।

## चंद्रमौलीश्वर स्वरूप में ससुराल में होगा बाबा का झूलनोत्सव

बाबा विश्वनाथ के 'बाबा चले ससुराल' आयोजन के अंतर्गत आज मंगलवार को बाबा विश्वनाथ अपने ससुराल सारंगनाथ में प्रतीकात्मक सपरिवार "चंद्रमौलीश्वर स्वरूप में विराजेंगे। इस निमित्त टेढ़ीनीम महंत आवास से बाबा विश्वनाथ की प्रतीकात्मक सपरिवार प्रतिमा व पालकी बाबा के ससुराल ले जायी जायेगी। ज्ञात हो की टेढ़ीनीम महंत आवास से बाबा विश्वनाथ का चंद्रमौलीश्वर स्वरूप ही प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र मे स्थापित होता आया है और महाशिवरात्री पर प्रतिवर्ष महामृत्युंजय मंदिर से निकलने वाली शिव बारात में शामिल होती है। पालकी सायंकाल 3:00 बजे सारनाथ गंज क्षेत्र के चौखंडी आस्तूप के पास संकट मोचन मंदिर से बाबा की पालकी सारंगनाथ के लिए प्रस्थान करेगी। सायंकाल 5:00 बजे बाबा के ससुराल सारंगनाथ महादेव मंदिर में झुलनोत्सव के पश्चात प्रदोष काल में 501 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक प्रांरभ होगा।



फाइल फोटो

## मार्कंडेय महादेव में डेढ़ लाख भक्तों ने किए दर्शन

सावन के आखिरी सोमवार को मार्कंडेय महादेव मंदिर में डेढ़ लाख लोगों ने दर्शन किए। वहीं काशी के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक और दर्शन-पूजन के लिए भीड़ उमड़ी रही। महामृत्युंजय महादेव में सौ मीटर तक कतार लगी रही। एकादशी तिथि लगने के साथ ही गौरी केदारेश्वर मंदिर में भक्तों ने परिक्रमा की। शूलटंकेश्वर महादेव में 20 गांवों के भक्तों ने मिट्टी के घड़े में जल लेकर अभिषेक किया। जबकि रामेश्वर में दो हजार पंचक्रोशी श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने भी दर्शन किए। इसी तरह सारंगनाथ, जागेश्वर महादेव, तिलभांडेश्वर, बीएचयू विश्वनाथ मंदिर, रामेश्वर में भी दर्शन-पूजन हुआ।

### भक्तों में फलाहार का वितरण

**वाराणसी।** श्रावण मास के आखरी सोमवार को लक्सा थाने के सामने दोपहर से सायंकाल तक फलाहारी प्रसाद का भक्तों मे श्रद्धा के साथ वितरित किया गया। इस अवसर पर काँवरिया सहित सैकड़ों भक्तों ने शुद्ध स्वादिस्ट फलाहार प्रसाद ग्रहण किया। सिंघाड़े का हलवा, फलाहार आलू, बादाम से बना नमकीन प्रसिद्ध हलवाई छेदी लाल राजन भाई मोती लाल द्वारा तैयार किया गया था। इस कार्य मे अजय गुप्ता, नारायण श्रीवास्तव, धीरज चौरसिया, रामजी प्रजापति, संदीप, शेखर चौरसिया और ओमप्रकाश चौरसिया ने सहयोग दिया।

## बाबा कामेश्वर नाथ महादेव का भव्य हरियाली श्रृंगार



**वाराणसी।** वरूणापार क्षेत्र के अर्दली बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बाबा कामेश्वरनाथ महादेव का सोमवार को भव्य हरियाली श्रृंगार और रुद्राभिषेक पूजन हुआ। भक्तों ने गंगाजल से बाबा का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। दोपहर बाद मंदिर के सेवायत आचार्य विपुल कुमार पाठक ने सपत्नीक बाबा कामेश्वरनाथ का दिव्य पूजन आरंभ किया, जो देर शाम तक चला। वरिष्ठ आचार्य गोपाल उपाध्याय के सानिध्य में विशेष रुद्राभिषेक और हरियाली श्रृंगार पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस दौरान बाबा को हरियाली से आकर्षक ढंग से सजाया गया। रुद्राभिषेक में दीपक गौड़ बादल समेत काफी संख्या में श्रद्धालु परिवार के साथ शामिल हुए। भक्तों ने भगवान शिव का जल, दूध आदि से अभिषेक कर आरती की। पूजन के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।



## पुत्री हुई तो 9 साल से कांवड़ लेकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगा रहे दिव्यांग श्रादुल

**वाराणसी।** विश्वनाथ धाम में सावन के अंतिम सोमवार को आस्था और जज्बे की ऐसी तस्वीर देखने को मिली, जिसने हर किसी का ध्यान खींच लिया। बहराइच से आए श्रादुल वर्मा एक हाथ से कांवड़ उठाकर बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे। वर्ष 1995 में एक दुर्घटना में उनका एक हाथ चला गया, लेकिन बाबा के प्रति उनकी आस्था और श्रद्धा आज भी उतनी ही मजबूत है। श्रादुल वर्मा बताते हैं कि करीब नौ साल पहले उन्होंने बाबा विश्वनाथ से एक मन्नत मांगी थी। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री रत्न की प्राप्ति हो। मन्नत पूरी होने के बाद उन्होंने सावन में देवघर से कांवड़ लेकर काशी पहुंचकर बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद से हर सावन बाबा के दरबार में जल चढ़ाना उनके जीवन का संकल्प बन गया। पिछले नौ वर्षों से वह लगातार काशी आकर बाबा का जलाभिषेक कर रहे हैं। एक हाथ से कांवड़ उठाकर बाबा के दरबार तक पहुंचना उनके लिए भले ही चुनौती हो, लेकिन उनका विश्वास है,कि यह सब बाबा की कृपा से संभव हो रहा है। श्रादुल कहते हैं कि बाबा शक्ति देते हैं, इसलिए कांवड़ उठाने और जलाभिषेक करने में किसी तरह की परेशानी महसूस नहीं होती। उनके लिए यह सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि बाबा के प्रति कृतज्ञता और अटूट विश्वास का प्रतीक है। श्रादुल का कहना है,कि नौ साल में काशी काफी बदल गई है। पहले की तुलना में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बेहतर हुई हैं, और प्रशासन की व्यवस्थाएं भी अच्छी हुई हैं.अब बाबा विश्वनाथ के दर्शन भी पहले के मुकाबले जल्दी हो जाते हैं।

## ज्ञानवापी में जलाभिषेक को निकले शिवसैनिकों को पुलिस ने रोका

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



सावन के अंतिम सोमवार को ज्ञानवापी में जलाभिषेक की मांग को लेकर शिव सेना उत्तर प्रदेश के कार्यकताओं ने जुलूस निकाला। यह जुलूस गोदौलिया पहुंचा, जहां पुलिस ने उन्हें रोक दिया। शिव सैनिक श्रीकाशी विश्वनाथ, श्रृंगार गौरी और ज्ञानवापी स्थित आदिविश्वेश्वर शिवलिंग पर जलाभिषेक की मांग कर रहे थे। शिव सेना के राज्य उप प्रमुख अजय चौबे ने कहा कि सावन भर मुस्लिम पक्ष को ज्ञानवापी में नमाज से रोकने की हिंदू पक्ष की मांग पर कोई रोक नहीं लगी, इसलिए शिव सैनिकों को भी जलाभिषेक की अनुमति दी जाए। अजय चौबे ने स्पष्ट किया कि जब तक ज्ञानवापी हिंदू पक्ष को नहीं मिलता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। जिद पर अड़े शिवसैनिकों को दशाश्वमेध सर्किल के एसीपी डॉ अतुल अंजान त्रिपाठी ने गोदौलिया चौराहे से हिरासत में लेकर थाने भेजा। बाद में सभी को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। इस दौरान भवानी सेना की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# काशी के अन्य शिवालयों में उमड़ी आस्था

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी





सावन के चौथे और अंतिम सोमवार को काशी के सभी प्रमुख शिवालयों में भक्तों ने पूजन-अभिषेक किया। श्रावण में शिवानुष्ठान की महत्ता में आस्था रखने वाले श्रद्धालु मंदिरों में सपरिवार पहुंचे। किसी शिवालय में लोग रुद्राभिषेक करते दिखे तो कई आश्रमों में पार्थिव शिवलिंगों के पूजन में व्यस्त रहे। केदारघाट स्थित गौरीकेदारेश्वर महादेव, पांडेय हवेली के तिलभांडेश्वर, दशाश्वमेध स्थित बृहस्पतेश्वर महादेव, दारानगर के महामृत्युंज महादेव, ईश्वरगंगी के जागेश्वर महादेव मंदिरों में स्थानीय श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ दिखी। इन सभी मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से दोपहर तक दर्शन-पूजन का क्रम चलता रहा। दोपहर के वक्त कुछ घंटों के लिए इन मंदिरों में भीड़ कम हो गई थी लेकिन शाम ढलते ही शृंगार स्वरूप के दर्शन को भक्तों ने मंदिरों की ओर रूख किया। कहीं महादेव का रुद्राक्ष शृंगार किया गया तो कहीं उन्हें मौसमी फूलों के हारों से सजाया गया। कहीं मानस का अखंड पाठ चल रहा था तो कहीं सुंदरकांड का संगीतमय गायन। कुछ शिव मंदिरों में स्थानीय कलाकारों से सजी सांस्कृतिक संध्या में शिवमहिमा के भजन गाए गए। बीएचयू विश्वनाथ मंदिर में पहले अन्य सोमवार की अपेक्षा अंतिम सोमवार को अधिक भीड़ थी। भीड़ को देखते हुए परिसर के विश्वनाथ मंदिर मार्ग पर विज्ञान संकाय चौराहे से ही वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया था। दोपहर 12 बजे से 1 बजे का वक्त छोड़कर रात्रि में मंदिर बंद होने तक दर्शन का क्रम अनवरत चलता रहा।